हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 13 जुलाई 2025

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा डामरीकरण: पहली बारिश में उखड़ी कई सड़कें, पर्दा डालने ठेकेदार लगा रहे लेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए प्रदेश सरकार ने राजनांदगांव नगर निगम को दस करोड़ से अधिक का फंड दिया था। नगर निगम के अफसरों ने टेंडर के बाद तीन ठेकेदारों में यह काम बांटे थे। 10 करोड़ की भारी-भरकम रकम से शहर की करीबन 41 सड़कों का डामरीकरण होना था।

इनमें आधे सड़कों का काम पूरा भी हो गया है। पिछले छह महीने के भीतर ही सभी सड़क बनाई गई है, लेकिन भ्रष्टाचार के खेल के चलते यह सड़कें पहले ही मानसून में खराब हो गई है। कहीं डामर की परतें उखड़ने लगी है, तो कहीं छोटे गड्ढे हो गए हैं। अब ठेकेदार अपनी लापरवाही छुपाने के लिए सड़कों में लेप लगा रहे हैं। सिर्फ ठेकेदारों की वजह से शहर में भ्रष्टाचार का इतना बड़ा खेल नहीं हुआ है, बल्कि निगम के अफसर भी बराबर से जिम्मेदार हैं। निगम से जुड़े सभी जनप्रतिनिधि, अफसर-कर्मचारी और ठेकेदार को यह पता है कि निगम में किसी भी काम को करने के लिए कितना चढ़ावा देना पड़ता है। सड़क निर्माण के लिए भी कमीशन का खेल किया गया। यही कारण है कि सड़कों के डामरीकरण में इतनी लापरवाही देखने को मिली, जिन अफसरों को क्वालिटी चेक करने की जिम्मेदारी होती है। वहीं मोटी रकम लेकर कमजोर काम होने पर भी ओके रिपोर्ट दे देते हैं। शहर की जनता के पैसों की बर्बादी निगम के अफसर और ठेकेदार मिलकर कर रहे हैं। चिंता की बात यह है कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि भी इस खेल में मौन बने हुए हैं।

**तीन ठेकेदारों को मिला 10 करोड़ की लागत से 41 सड़कें बनाने का काम**





मानव मंदिर चौक से दुर्गा चौक तक बनी सड़क का यह हाल।

**तीन ठेकेदारों को दिया काम** : नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार शहर की 41 सड़कों के निर्माण का काम तीन ठेकेदारों को दिया गया था। इन तीनों ही ठेकेदारों को 10.34 करोड़ का काम बांटा गया है। इनमें से अब तक करीबन 21 सड़कें बना ली गई है। वहीं शेष पर डामरीकरण किया जाना बाकी है। ठेकेदारों द्वारा बनाई गई अधिकांश सड़क पहली बारिश में ही खराब हो गई है, जिन तीन ठेकेदारों को काम दिया गया है, उनमें दो राजनांदगांव एवं एक दुर्ग जिले का है।

## इन सड़कों का होना है काम



जय स्तंभ चौक

वार्ड क्रमांक 5 चिखली में पेट्रोल पंप से लेकर चिखली स्कूल तक डामरीकरण कार्य - 9.87 लाख, वार्ड क्रमांक 5 चिखली में सामुदायिक भवन से यादव के घर तक डामरीकरण कार्य - 11.92 लाख, वार्ड क्रमांक 08 मोतीपुर रेलवे क्रॉसिंग से मुक्तिधाम तक डामरीकरण कार्य - 25.98 लाख, वार्ड क्रमांक 10 शंकर डाबरी तालाब से मंच तक बीटी रोड निर्माण कार्य - 4.05 लाख, वार्ड क्रमांक 16 एसपी ऑफिस के पीछे नाली एवं डामरीकरण कार्य - 42.25 लाख, वार्ड क्रमांक 17 बख्तावर चाल एवं अन्य स्थालों पर बीटी रोड निर्माण कार्य - 20.00 लाख, वार्ड क्रमांक 19 वर्धमान नगर ममता नगर रोड से आरडीसी हॉस्पिटल शॉप, डंडस्ट्रीयल शाप से सामुदायिक भवन, ममता नगर से आरडीसी रोड एवं पूनम कॉलोनी रोड तक डामरीकरण कार्य - 87.55 लाख, वार्ड क्रमांक 20 रविदास वार्ड में जीई रोड से राजपूत समाज भवन तक बीटी रोड निर्माण कार्य - 19.65 लाख, वार्ड क्रमांक 24 लालबाग से गली नं 12 के टर्निंग से रायल किड्स स्कूल, रायल किड्स स्कूल के सामने, लालबाग मेन रोड हनुमान मंदिर से हेमूकल्याणी चौक तक डामरीकरण - 29.63 लाख, गांधी चौक से सोनारपारा तक डामरीकरण कार्य - 28.88 लाख, मानव मंदिर से इंदिरा नगर चौक तक डामरीकरण कार्य - 28.88 लाख, दिग्विजय कॉलेज से फौव्वारा चौक तक, दिग्विजय कॉलेज से दुर्गा चौक होते हुए कुआं चौक नंदई तक डामरीकरण कार्य - 28.60 लाख, भारत माता चौक से गंज चौक तक, ओस्तवाल लाईन से उदयाचल होते हुए गंज चौक तक डामरीकरण - 32.17 लाख, कैलाश नगर से पुराना बस स्टैंड तक डामरीकरण कार्य - 5.12 लाख, इंदिरा सरोवर चौक से पुराना बस स्टैंड जीई रोड तक, भरकापारा से इंदिरा सरोवर तक डामरीकरण कार्य - 22.72 लाख, वार्ड क्रमांक 25 में सुमीत बाजार से गुड़ाखू लाइन एवं अन्य स्थानों पर बीटी रोड निर्माण - 20 लाख, वार्ड क्रमांक 28 में कमल टॉकिज रोड एवं अन्य स्थानों पर बीटी रोड़ निर्माण - 20 लाख, वार्ड क्रमांक 29 विवेकानंद वार्ड में बीटी रोड निर्माण कार्य - 33.50 लाख, वार्ड क्रमांक 31 जनता कॉलोनी से केसर नगर, साई मंदिर से गार्डन रोड तक बीटी रोड़ निर्माण - 35 लाख, वार्ड क्रमांक 32 लखोली स्थित राजीव नगर से मदरसा गली, कंचनबाग पानी टंकी रोड से विश्वकर्मा मंदिर तक बीटी रोड निर्माण - 12 लाख, वार्ड क्रमांक 36 संजय नगर वार्ड में बीटी रोड निर्माण - 65.94 लाख, वार्ड क्रमांक 37 में जैन मंदिर से मोती स्वीट्स, दादाबाड़ी तक बीटी रोड निर्माण - 24.57 लाख, वार्ड क्रमांक 38 दिग्विजय कॉलेज रोड से बसंतपुर चौक, दिग्विजय कॉलेज से बालगोविंद चौक से ठेठवार पारा तक डामरीकरण कार्य - 37.62 लाख, वार्ड क्रमांक 39 में बीटी रोड निर्माण 14.34 लाख, वार्ड क्रमांक 40 में बीटी रोड निर्माण 16.41 लाख, वार्ड क्रमांक 42 बीटी रोड निर्माण 7.26 लाख, वार्ड क्रमांक 43 में ऑडिटोरियम बाजु शिव नगर से गोमस्ता घर तक बीटी रोड निर्माण 25.17 लाख, वार्ड क्रमांक 44 में बीटी रोड निर्माण 56.18 लाख, वार्ड क्रमांक 45 में डोंगरगांव रोड से गोकुल नगर एसएलआरएम से होते हुए जीवन कालोनी तक डामरीकरण एवं पुलिस निर्माण 46.56 लाख, वार्ड क्रमांक 46 में ब्लब चौक रोड से कोढ़ी खाना रोड तक डामरीकरण - 13.98 लाख, वार्ड क्रमांक 48 में बीटी रोड निर्माण 6.68 लाख, गौरवपथ रोड डामरीकरण कार्य 118.57 लाख, कमला कॉलेज चौक से आरके नगर चौक तक डामरीकरण कार्य 49.51 लाख, वार्ड क्रमांक 41 जिला अस्पताल परिसर में डामरीकरण कार्य 32.66 लाख,

### पहले गर्मी में सूखा, अब बारिश में भीग रहा किसानों का धान

# संग्रहण केंद्रों में दो सौ करोड़ का 67 हजार मीट्रिक टन धान डंप, 31 तक उठाव चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछली सरकारी धान खरीदी के बाद संग्रहण केंद्रों में रखे गए धान का अब तक उठाव नहीं हो पाया है। खरीदी समाप्त होने के पांच महीने बाद भी जिले के चार संग्रहण केंद्रों में दो सौ करोड़ रुपए का 67 मीट्रिक धान डंप पड़ा हुआ है। अब इस धान को 31 जुलाई तक उठाव करने की चुनौती विभाग के सामने है। इधर डंप धान में पहले गर्मी के तेज धूप के चलते सूखत देखने को मिली। वहीं अब बारिश के मौसम में भी भीगने की चिंता बनी हुई है। हालांकि विभागीय अफसरों का कहना है कि अगले तीन से चार सप्ताह में धान का उठाव कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सरकारी धान खरीदी वर्ष 2024-25 में राजनांदगांव जिले में कुल 70 लाख टन से अधिक धान की खरीदी की गई थी। बड़ी मात्रा में की गई धान खरीदी के बाद इसे सुरक्षित रखने के लिए जिले में स्थित चार संग्रहण केंद्रों में डंप किया गया था। संग्रहण केंद्रों में करीबन 1.74 लाख मीट्रिक टन धान रखा गया था। जिसमें से अब तक 1.07 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव कर लिए जाने की जानकारी मिली है। वहीं शेष धान का उठाव करने के लिए भी कार्य प्रगति पर है। हालांकि अब संग्रहण केंद्रों में धान ट्रकों में भरने के लिए हमालों की भी कमी होने लगी है। खेती-किसानी का काम शुरू होने के कारण हमाल अब खेतों की ओर रूख कर रहे हैं। जिससे आने वाले दिनों में यह समस्या और बढ़ सकती है। इधर डंप धान में सूखत एवं अन्य कारणों से कमी देखने को भी मिल रही है। हर बोरी में आधा किलो से सवा किलो तक वजन घटने की जानकारी सामने आई है।



**धान सुरक्षित रखना चुनौती**

भले ही सरकार ने धान को संग्रहण केंद्रों में सुरक्षित रखा है, लेकिन बारिश के मौसम में धान को बचाकर रखना चुनौतीपूर्ण कार्य साबित हो रहा है। चूहे भी बोरियों में छेद कर रहे हैं। जिससे चावल के वजन में कमी देखने को मिल रही है। समय पर उठाव नहीं होने से बारिश में धान सड़कर खराब होने की आशंका है। संग्रहण केंद्रों से अब तक 1.07 लाख मीट्रिक टन धान उठाया गया है। जबकि अब भी 67 मीट्रिक टन धान डंप रखा हुआ है।

**इन चार संग्रहण केंद्र में धान**

जिले में धान को सुरक्षित रखने के लिए चार संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। इनमें बीजेभांठा संग्रहण केंद्र में 5.27 लाख क्विंटल, सिंघोला संग्रहण केंद्र में 3.15 लाख क्विंटल, घुमका संग्रहण केंद्र में 95 हजार क्विंटल, कलकसा संग्रहण केंद्र में 3 लाख क्विंटल एवं सेवताटोला संग्रहण केंद्र में धान डंप हैं। इनकी ही ई-नीलामी भी की गई थी, लेकिन उसके बाद भी बड़ी मात्रा में धान इन केंद्रों में डंप रखा हुआ है।

**उठाव की रफ्तार धीमी**

जिले में धान का उठाव बहुत धीमी गति से हो रहा है। आलम यह है कि पिछले पांच महीने महज 1.07 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। वहीं अब भी 67000 मीट्रिक टन धान शेष है। सूत्रों की माने तो मिलर्स संग्रहण केंद्रों में गिनती के ट्रक भेज रहे हैं। जिसकी वजह से बारिश में धान सड़कर खराब होने की आशंका है। धान के उठाव और बारिश से बचाव करने के लिए अफसर भी उदासीन हैं। अफसरों के मुताबिक ही धान उठाने में कम से कम एक महीने का समय और लग सकता है। यदि इस दौरान तेज बारिश होती है, तो यह धान को ज्यादा नुकसान होने की आशंका है।

# शहादत पर छलके आंसू, 29 शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

12 जुलाई वर्ष 2009 को अविभाजित राजनांदगांव जिले के मानपुर क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में राजनांदगांव के तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 पुलिस जवानों की शहादत हो गई थी। आज उनकी शहादत की बरसी पर वीर शहीदों को नमन करने पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शहीद परिवारों को श्रीफल से सम्मानित करते शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अविभाजित राजनांदगांव जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र मानपुर के कोरकोट्टी, सीतागांव और मदनवाड़ा में नक्सलियों के हमले से जिले के तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 अन्य पुलिस जवानों की शहादत हुई थी। उनकी शहादत की बरसी पर प्रतिवर्ष शहर के पुलिस लाइन में शहीद दिवस का आयोजन किया जाता है। आज उनकी शहादत की 16वीं बरसी पर भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वर्गीय शहीद विनोद चौबे की पत्नी श्रीमती रंजना चौबे सहित सभी शहीद परिवार के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी शहीदों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

**पुलिस परिवार और आमजन हुए शामिल** : शहीद दिवस के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, सौरभ कोठारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शहीद परिवार और पुलिस परिवार के लोगों सहित स्थानीय नागरिक शामिल हुए।



**भय और हिंसा मुक्त राज्य में होगी प्रगति**

स्वर्गीय एसपी विनोद चौबे की पत्नी रंजना चौबे ने कहा कि यह दिन काफी भावुक और गर्व करने वाला दिन है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी शहीदों की कुर्बानी याद रखें और अमन-शांति कायम हो। उन्होंने पुलिस को नक्सल मोर्चे पर मिल रही सफलता और नक्सलवाद के खातमे को लेकर कहा कि भय और हिंसामुक्त राज्य होने से और ज्यादा प्रगति होगी।

**शहीद परिवारों का सम्मान** : श्रद्धांजलि सभा के आयोजन में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा सहित कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, आईजी अभिषेक शांडिल्य और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने शहीदों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते उन्हें श्रद्धांजलि दी और शहादत को नमन किया। इस दौरान उपस्थित सांसद और महापौर ने शहीद परिवार के लोगों का श्रीफल से सम्मान किया।

**साकार हो रहा नक्सली मुक्ति का सपना**

इस दौरान सांसद संतोष पांडे ने शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करते कहा कि वर्ष 2009 और 2025 में काफी परिवर्तन आया है। 2026 तक गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संकल्प प्रदेश को नक्सली मुक्त करना है। उनका यह संकल्प साकार होता दिखाई दे रहा है। शहीद दिवस के अवसर पर राजनांदगांव शहर के प्यारेलाल चौक स्थित शहीद स्व. विनोद चौबे की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पण करते उनकी शहादत को नमन किया गया। इस अवसर पर रक्तदान और वृक्षारोपण भी किया गया।

# बोलेरो ने मारी ठोकर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे में स्थित बागनदी में एक तेज रफ्तार बोलेरो ने मोपेड को ठोकर मार दी। दुर्घटना में मोपेड सवार एक पुजारी की मौत हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर 3 बजे के करीब की है।



बागनदी पुलिस ने बताया कि रामपुर निवासी 59 वर्षीय अशोक तिवारी पूजा-पाठ का काम करते थे। शुक्रवार दोपहर वे अपने मोपेड से पूजा करने भगवानटोला जाने निकले थे। अशोक तिवारी हाईवे में मौजूद घोरतलाव क्रासिंग को पार कर रहे थे, तभी उन्हें तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक एमएच-23-एयू-8909 के चालक ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में अशोक तिवारी के सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोंटे आई थी। जिससे उनकी हास्पिटल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

# पिछले दो महीने में खोजे 89 गुम मोबाइल, एसपी के हाथों वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज के दौर में जहां फोन अत्याधिक उपयोगी के साथ ही जरूरत का साधन बन गया है। बढ़ती कीमत के चलते इसके गुम होने पर लोगों को भारी नुकसान भी झेलना पड़ता है। ऐसे ही 89 प्रार्थियों द्वारा दर्ज शिकायत के बाद उनके फोन को खोजकर उन्हें लौटाने में पुलिस महकमे को सफलता मिली है। खास बात यह है कि इनमें अधिकांश फोन छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर उपयोग हो रहे थे, जिन्हें वापस लाया गया है।



12 जुलाई को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा मोबाइल धारकों को उनके गुम मोबाइल का वितरण किया गया और कहा गया कि आज के समय में मोबाइल मात्र संचार का साधन ही नहीं है, बल्कि मोबाइल में लोगों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक एकाउंट, फोटो, वीडियो, बिजनेस के साफ्टवेयर आदि कीमती डाटा संकलित कर रखे हुए रहते हैं। मोबाइल गुम होने पर तत्काल सिम बंद करवाएं। गुम मोबाइल पाकर लोगों का चेहरा खुशी से खिल गया। गुम मोबाइल मिलने पर मोबाइलधारकों द्वारा पुलिस महकमे को धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया। दूसरों का प्राप्त मोबाइल प्रयोग करना अपराध की श्रेणी में आता है। गुम मोबाइल प्राप्त होने पर वैधानिक कार्रवाई से बचने हेतु उसे नजदीकी थाना या साइबर सेल राजनांदगांव में जमा करें।

भारत सरकार द्वारा सीईआईआर पोर्टल लांच किया गया है। यदि आपका मोबाइल गुम या चोरी हो जाने पर तत्काल आप अपने नजदीकी थाना जाकर गुम मोबाइल की शिकायत सीईआईआर पोर्टल में दर्ज कराएं। गुम मोबाइल का आवेदन, आधार कार्ड और मोबाइल के बिल सीईआईआर पोर्टल पर स्वयं भी सबमिट कर ब्लॉक कर सकते हैं।

**बसंतपुर थाना ने सर्वाधिक फोन खोजे**

एसपी मोहित गर्ग द्वारा जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को गुम मोबाइल बरामद करने हेतु निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत पिछले दो महीने के दरमियान थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में सर्वाधिक 30 नग गुम मोबाइल बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली द्वारा 25 नग, थाना सोमनी द्वारा 04 नग, थाना घुमका द्वारा 02 नग, थाना डोंगरगढ़ द्वारा 04 नग, थाना बागनदी द्वारा 03 नग, थाना छुरिया द्वारा 05 नग, थाना डोंगरगांव द्वारा 06 नग, थाना गैंदाटोला द्वारा 05 नग एवं सायबर सेल द्वारा 05 नग गुम मोबाइल कुल 89 नग गुम मोबाइल कीमती लगभग 10 लाख रुपए को जिले एवं जिले से बाहर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से बरामद कर मोबाइल संचालकों को लौटाया गया।

**माय एंगल**




# अतिक्रमण के खिलाफ ननि की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अतिक्रमण को लेकर लगातार शिकायतों के बाद अब निगम ने भी इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछले एक सप्ताह से शहर में जारी निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। हालांकि इस बीच निगम के अफसरों से व्यापारियों की हल्की नोक-झोंक भी देखने को मिल रही है। इधर अतिक्रमण हटने के बाद बीच बाजार के इलाकों में आवागमन सुगम हो गया है। हर दूसरे दिन लगने वाले जाम की समस्या से भी बहुत हद तक लोगों को राहत मिली है। निगम की टीम अब शहर के दूसरे इलाकों में भी कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाली है।

छत्तीसगढ़ कृषि कॉलेज
धनोरा, दुर्ग
कृषि बी.एस.सी.
8982102362

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### पंचायत भवन में टपक रहा पानी




**खड़गांव।** बोरिया मोकासा का पंचायत भवन दिनों दिन जर्जर होते जा रहा है। छत से लगातार पानी टपक रहा है जिसके चलते काम ठप्प है। भवन की दीवारों पर क्रेक हो गई है। पंचायत भवन की वर्तमान स्थिति ऐसी है कि बारिश के मौसम में काम पूरी तरह बंद रहता है। पंचायत भवन भी बंद रखा जाता है। भवन की स्थिति को सुधारने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका है लेकिन कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। पंचायत भवन की स्थिति को देखते हुए आशंका है कि आगामी समय में पंचायत भवन टूट कर गिर जाएगा।

### एआईसीसी सह सचिव आज आएंगे

**गंडई पंडरिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सहसचिव और पार्टी परिसंपत्ति के प्रभारी नितिन कुम्बलकार का रविवार 13 जुलाई को सुबह 10 बजे गंडई के रेस्ट हाउस में आगमन होगा। उनके पहले आगमन को लेकर कांग्रेसियों में जबरदस्त उत्साह है। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष भिज्ञेश यादव ने बताया कि श्री कुम्बलकार का यह दौरा गंडई के लिए काफी महत्वपूर्ण है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और जनप्रतिनिधियों को उनके स्वागत के लिए रेस्ट हाउस में पहुंचने कहा गया है।

### फसल बीमा 31 जुलाई तक

**सड़क अतरिया।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कार्य शुरू हो गया है जो आगामी 31 जुलाई तक जारी रहेगा। किसानों को मुनादी के माध्यम से बीमा की जानकारी दिया गया है। कृषक धान, सोयाबीन, अरहर, मुंग, उडद, टमाटर आदि फसल का बीमा करा सकते हैं। कृषक सोसायटी, बैंक या आनलाईन माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं। अलग अलग फसल के लिए बीमा प्रीमियम की राशि निर्धारित है। बीमा के लिए किसानों को बी वन, पी टू, आधार कार्ड, बैंक खाता सहित अन्य दस्तावेज की छायाप्रति जमा करना होगा।

### आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों का अभाव

**खड़गांव।** स्थानीय आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों की कमी होने से छात्र छात्राएं परेशान है। विषय शिक्षक नहीं होने के कारण आत्मानंद स्कूल के बच्चे अब प्राइवेट स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। पालकों ने बताया कि आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों की कमी होने से पढ़ाई नहीं हो रही है। पढ़ाई प्रभावित होने के कारण वह अपने बच्चों को आत्मानंद स्कूल से निकाल कर प्राइवेट स्कूलों में दाखिला दिला रहे हैं ताकि अच्छी पढ़ाई हो सके। जानकारी के अनुसार स्कूल में गणित विषय नहीं होने के कारण ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों को खडगांव से बहार जाकर पढ़ाई करना पड़ रहा है।

### चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**ठेलकाडीह।** मेरा युवा भारत राजनांदगांव ने विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर बुंदेलीकला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। युवाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राथमिक शाला बुंदेलीकला के रामखेलावन वर्मा, मोहन वर्मा, रीना वर्मा उपस्थित थे। प्रतियोगिता के बाद एक पेड़ मा के नाम कार्यक्रम अंतर्गत शाला परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में राजनंदनी, रोशनी, योगिता, हेमलता, प्रेमप्रभा आदि शामिल हुए।

### अखंड ज्योति रथ 14 को आएगा



**डोंगरगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के निर्देश पर निकली अखंड ज्योति रथ यात्रा सोमवार को कोकपुर से शुभारंभ होगा। यात्रा सोमवार को प्रातः 8बजे पहुंचेगी जिसके स्वागत की तैयारी गायत्री परिवार के परिजन एवं ग्रामवासी कर रहे हैं। माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष, अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष एवं अखंड दीपक प्रज्जवलन के शताब्दी वर्ष के निमित्त अखंड ज्योति रथ निकाली गई है। रथ यात्रा की तैयारी के लिए गायत्री प्रज्ञापीठ जंतर में बैठक कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। रथयात्रा के गांव पहुंचने पर गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित साहित्य का वितरण किया जाएगा। रथ शाम को जहां रूकेगा वहां सत्संग एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। उपजोन समन्वयक नंदकिशोर सुरजन के मार्गदर्शन में जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा द्वारा कार्यक्रम को भव्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## आयुक्त ने सब्जी एवं फल पसरा वालों की ली बैठक

# गोल बाजार को स्वच्छ और साफ रखने संबंधी की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर का वर्षों पुराना फल एवं सब्जी मार्केट गोल बाजार को साफ एवं व्यवस्थित रखने आज नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने टाउनहाल सभागृह में फल एवं सब्जी विक्रताओं की बैठक आहुत की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, बाजार विभाग की प्रभारी सदस्य केवरा राय, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी सदस्य वर्षा सिन्हा, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा व विजय राय की उपस्थिति में व्यवस्थित पसरा लगाने, बाजार में साफ सफाई रखने, सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने संबंधी विषयों पर फल व सब्जी विक्रेताओं से चर्चा की गई।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि बाजार को कैसे व्यवस्थित करें इस संबंध में आज बैठक बुलाई गई है। गोल बाजार अस्त व्यस्त है, जिसे हमको मिलकर व्यवस्थित कराना है। इस संबंध में आप लोग अपना राय भी देंगे। उन्होंने कहा कि रात में अनुपयोगी सब्जी, जिसे पसरा के सामने ही फेंक दिया जाता है, उसे मवेशी फैला देते हैं और गंदगी होती है। इसके लिए रात में 8 बजे गाड़ी लगाया जाएगा। जिसमें आप लोग अनुपयोगी फल-सब्जी डालेंगे। सब्जी विक्रेताओं ने कहा कि सुबह थोक मार्केट से सब्जी लाकर छंटाई की जाती है। जिससे भी कचरा निकलता है, उसके लिए सुबह भी कचरा गाडी लगाया जाए। आयुक्त ने कहा कि सुबह भी 2 घंटे गाड़ी लगाई जाएगी।



### थैला लेकर आने करें प्रेरित

आयुक्त ने फल-सब्जी विक्रेताओं से कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक झिल्ली पन्नी पर्यावरण संरक्षण में सबसे बड़ा बाधक है। शासन द्वारा भी इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने कहा कि आप सब झिल्ली पन्नी का उपयोग न करें, झिल्ली पन्नी बेचने वालों से शासन मापदंड अनुसार पालीथिन देने कहे और आवश्यकता हो तो उसका उपयोग करें। साथ ही खरीददारों को थैला लेकर आने प्रेरित करें।

### गेट लगाने की जाएगी कार्रवाई

फल-सब्जी वालों के लिए शौचालय नहीं होने तथा मवेशी बाजार में घुसने से रोकने के विषय पर आयुक्त ने कहा कि बाजार में सर्व सुविधायुक्त शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कार्य प्रगति पर है। निर्माण होने से आप लोगों को सुविधा होगी। शौचालय को हमें साफ-सुथरा रखना है। मवेशी घुसने, रोकने के लिए आयुक्त ने कहा कि राजगामी विभाग से चर्चा कर गेट लगाने की कार्रवाई की जाएगी। मवेशी अंदर नहीं आने से बाजार साफ रहेगा।

### कचरा गाड़ी में ही डाले

स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा ने कहा कि आप लोग अनुपयोगी फल-सब्जी एकत्रित कर कचरा गाड़ी में ही डाले। प्लास्टिक से ज्यादा गंदगी फैलती है, उसका उपयोग न करें, स्वच्छता को बनाए रखने अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि आप लोगों की सुविधा के लिए बैठक बुलाई गई है। व्यवस्था सुधारने निगम को सहयोग करें। पूर्व पार्षद शरद सिन्हा ने कहा कि सुलभ के पास बचा सब्जी का कचरा न डाले, कचरा गाय फैलाती है। जिससे गंदगी फैलती है। उन्होंने कहा कि बाजार में प्रवेश के पास दुकान न लगाएं, अंदर बने पसरा का उपयोग करें, स्टोर बनाकर उपयोग न करें।

# गंडई में बनेगी फोरलेन सड़क, सर्वेक्षण कार्य शुरू

## यातायात व्यवस्था होगी सुगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शहरी क्षेत्र में 3 किलोमीटर लंबी फोर लेन सड़क निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने वाला है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 2025-2026 के बजट में प्रस्ताव किया गया है। निर्माण शुरू करने से पहले सड़क का सीमांकन तेजी से किया जा रहा है।

राजस्व और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम सड़क का सीमांकन कर रही है। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार फोरलेन सड़क गंडई में रपटा पुल के पास से ठंडार चौक से पहले पुल तक बनेगी। सड़क के बीच से दोनों तरफ 11-11 मीटर तक सीमांकन किया जा रहा है। सर्वे टीम में लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर राधेश्याम वर्मा, सियाराम मेरावी, पटवारी इरफान खान आदि शामिल हैं। बता दे कि गंडई शहरी क्षेत्र के फोरलेन के अलावा कई अन्य सड़क का भी सीमांकन किया जा रहा है, जिसमे ईखदान-बकरकट्टा मार्ग 8 किमी का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण, बांधाटोला से कोहकाझोरी मार्ग 3 किमी लंबा निर्माण, बेलगांव से मोहगांव पहुँच मार्ग 5 किमी का निर्माण शामिल है। निर्माण को सुचारू रूप से कराने के लिए राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी द्वारा सीमांकन कराया जा रहा है।

### मिलेगी राहत

वर्तमान में शहर के मुख्य मार्ग पर दुकानदारों के अतिक्रमण, बेतरतीब निर्माण और अव्यवस्थित वाहन पार्किंग के कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उम्मीद है कि फोर लेन सड़क निर्माण से इस समस्या से निजात मिलेगी और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा।

## शीतला महिला समिति ने किया पौधारोपण



**डोंगरगढ़।** मां शीतला महिला समिति, सुदर्शन वाल्मीकि समाज डोंगरगढ़ ने गत दिनों पौधरोपण किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे,पार्षद सुमित ताम्रकर, सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, ज्योति गौतेल, प्रीति गौतेल, सुनीता बघेल, कंचन हत्थेल, अनाया हत्थेल, गीतांजलि परिहार, रेशमा करसे, राखी करसे, मोहनी बिरहा, रोशनी समुद्रे, अनीशा समुद्रे, रोशनी रगड़े, पूजा बघेल, रोशनी हत्थेल, तरुण हत्थेल, नरेश करसे, शुभम परिहार, पिंटू गोतेल, राजू समुद्रे, अनिल भोंवरेल, संतोष समुद्रे, राहुल करसे, डिम्पी डकहा, विकी समुद्रे और सुमित डकहा शामिल हुए।

# एनएचएम कर्मी करेंगे 17 को विस का घेराव

- 10 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



एनएचएम कर्मचारी संघ ने गुरुवार को नियमितिकरण, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण सहित अन्य मांगो को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की। कर्मचारियो ने विधायक दलेश्वर साहू से मुलाकात कर मांगो से संबंधित आवेदन सौंपा।

जिलाध्यक्ष डॉ किरण गायकवाड़ ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदेश के 16 हजार से अधिक संविदा कर्मियों ने 10 सूत्रीय मांगो को लेकर आंदोलन शुरू किया है। इसी क्रम में एनएचएम कर्मचारियों ने अपने क्षेत्र के विधायक को आवेदन सौपा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सालो से लंबित मांगो की अनदेखी के चलते यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। आंदोलन का उद्देश्य मानसून सत्र में सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। डां. गायकवाड़ ने बताया कि चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में 12 से 16 जुलाई तक काली पट्टी बांध कार्यस्थल पर विरोध किया जाएगा। आगामी 16 जुलाई को कलेक्टर के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आगामी 17 जुलाई को रायपुर में प्रदर्शन करते हुए विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

# रंगकठेरा में वृहद पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



रंगकठेरा में वृहद वृक्षारोहण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर वृक्ष संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। उन्होंने प्राकृतिक वातावरण को बचाने के लिए सभी को पौधरोपण करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समय रहते प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा। इस मौके पर सागौन, नीम, पीपल, साजा, जामुन, आंवला आदि के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, रंजीता पडौती, विवेक मंडावी, ममता पटेल, गैंदाबाई साहु, मधु ओमेश यदु, शैलेन्द्र यदु, कपिल पडौती, मनीष पटेल, सेवक साहु, राजकुमार भोई, तिलक ठाकुर, पीतांबर चन्द्रवंशी, लोकेश ठाकुर, शिवराम मंडावी, प्रेमलाल चतुर्वेदी, झग्गर ठाकुर, रोहित ठाकुर, पुष्पा विश्वकर्मा, देववती नायक, मानवी यदु आदि मौजूद थे।

# सांसद संतोष पांडेय के प्रयास की सराहना



**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने विरोधियो पर हमला करते हुए कहा विरोधी सांसद संतोष पांडेय के जनहित के काम से घबराया हुआ है। कोरोना काल से बंद लोकल एवं एक्सप्रेस ट्रेनो के जल्द ही चालू होने की पुष्टि होने पर उन्होंने कहा कि सांसद पांडेय द्वारा रेलवे का विस्तारीकरण, प्रसाद योजना, अमृत स्टेशन आदि ने धर्मनगरी की तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के साथ पूरे प्रदेश की जनसमस्याओ को लोकसभा में मुखर होकर बात रखते हैं। संगठनात्मक दृष्टिकोण से वह हर छोटे बड़े कार्यकर्ता से संवाद करते है जिसका परिणाम है बीते लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को परास्त किया था। श्री हथेल ने कहा कि जनता कोरोना के समय से बंद ट्रेन का चालू करने की मांग कर रही थी जो सांसद के प्रयास से बहाल की जा रही है। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद संतोष पांडेय एवं रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### सावन में बेहतर बारिश की उम्मीद

**सड़क अतरिया।** सावन माह में किसानों को बेहतर बारिश होने की उम्मीद है। आषाढ़ का पहला पखवाड़ा अल्प और खंड वर्षा में बीता। माह के अंतिम दिनों में हुई बारिश ने कसर पूरी कर दिया जिसके बाद धान की रोपाई में तेजी आ गई है।

पाठक सूचना
खडगांव क्षेत्र में दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र की प्रतियों तथा समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
निष्ठा न्यूज एजेंसी
(पंचायत भवन के बाजू, खडगांव)
विजय कुमार जैन मो. 90989 37585
भीखम रावटे मो. 94790 97554

## बीते साल दो दर्जन बच्चे हुए थे चयनित

# चयन परीक्षा में शामिल हुए 285 बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग देने के पहले चयन परीक्षा का आयोजन किया गया।

नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई में आयोजित परीक्षा में गंडई सहित दूरदराज के गांवों के 285 बच्चे शामिल हुए।

परीक्षा 12 से 2 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें शिक्षकों ने बिल्कुल नवोदय प्रवेश परीक्षा जैसा माहौल तैयार किया था। बच्चों ने प्रश्न पत्र में दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर उत्तर पुस्तिका में क्रमांक देख कर टिक मार्क लगाकर दिए।

### सराहनीय पहल

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर खुसरो ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नवीन पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक निःशुल्क कोचिंग देते है। शिक्षकों का यह कार्य प्रशंसनीय है। छले सत्र में दो दर्जन से अधिक बच्चों का चयन होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

### तैयारी में जुटे शिक्षक

शिक्षक भागचंद साहू ने बताया कि चयनित बच्चो को दिसम्बर माह में होने वाले नवोदय पेपर के पहले तक निशुल्क कोचिंग देते हुए तैयारी कराया जाएगा। परीक्षा के आयोजन में कौशल राजपूत, राजेश श्रीवास्तव, मुकेश कश्यप, योगेन्द्र कश्यप, भागचंद साहू, पूर्णेश वैष्णव, दीपक मिश्रा, पुनेश्वर देवांगन, गांधीराम साहू, शेख कलीम, लोमश पटेल, लालाराम मेरावी, चैतराम वर्मा, खेमलाल जंघेल, मायाराम राठौर, टोपकुमार जंघेल, सीता साहू, टार्जन नेताम, शिव श्रीवास्तव, भिखेन्द्र जंघेल उपस्थित थे।

### शिक्षक देते हैं कोचिंग

गंडई और आसपास के स्कूलों में पदस्थ एक दर्जन से अधिक शिक्षक पिछले वर्ष से अतिरिक्त समय निकालकर बच्चों को नवोदय और प्रयास परीक्षा के लिए निःशुल्क तैयारी करवा रहे हैं। इस वर्ष जिस स्कूल में यह तैयारियां कराई जाती हैं और जितने शिक्षक इस नेक कार्य के लिए आगे आए हैं, उन्होंने यह तय किया है कि वह 70 बच्चों का चयन कर उन्हें नवोदय विद्यालय परीक्षा के लिए तैयारी कराएंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी इस प्रकार का आयोजन किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप लगभग दो दर्जन से अधिक बच्चों का चयन नवोदय और प्रयास विद्यालयों में हुआ था।

### अज्ञात वाहन ने तीन गौ को कुचला

**खड़गांव।** ग्राम में बीती रात अज्ञात वाहन ने तीन गौ को कुचल दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। लगातार हादसे होने के बाद भी प्रशासन द्वारा गौ की रक्षा के लिए उचित व्यवस्था नहीं किया जा रहा है। मार्ग पर गौ का डेरा जमा रहता है। जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है, जिस पर नियंत्रण का प्रयास नहीं किया जा रहा है। व्यापारी संघ के तोमन साहू ने प्रशासन से इस दिशा में तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति
स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT
TEAM CREATIVE
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

AISECT
RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS
For Implementing Vocational Training under CSS-VSHSE across Govt. Schools in Chhattisgarh
Contractual-Institutional Positions for Sector: "Power"
Application are invited from eligible candidates for the position of Vocational Trainers in the above said sector for the implementation of CSS-VSHSE, in various Government Schools of Chhattisgarh
Remuneration (CTC) - Rs 20,000 per month
Age Limit - 18-37 years (As on 01/01/2025)
Online Application Link https://www.aisect.org/CG-VTrecruitment2025

| SECTOR | LOCATION (Districts) |
| --- | --- |
| Power | Balod, Balodabazar, Balrampur, Bemetara, Bilaspur, Dhamtari, Durg, Gariaband, Janjgir-Champa, Jashpur, Kanker, Kawardha, Korba, Mohala-Manpur-Chowki, Raipur, Sakti |

Last date of receipt of application : 15/07/25 (5:00 PM) IST
QUALIFICATION & EXPERIENCE
Power: Bachelor of Engineering/Technology in Electrical/EEE Engineering from a Recognized Institute/University with atleast one year work/teaching experience or Diploma in Electrical/EEE Engineering with three years of work/teaching experience
Desirable: 1) Certified Master Trainer from SSC in this job role
Minimum Competency: 1) Effective Communication Skills (Oral & Written) 2) Basic Computing Skills
Candidates shortlisted on the basis of details filled online will have to go through written test followed by an interview. Selected candidate will be asked to join within short notice.
सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी. पद में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसें। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रक्रिया पारदर्शिता निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखें। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।
To Apply, Scan The QR Code
7000240756
Call Between 11:00 AM To 05:00 PM

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त कर्मचारी का सम्मान



**राजनांदगांव।** भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता गोलू के आदेशानुसार जनता कालोनी मठपारा शक्ति केंद्र प्रभारी दादू सोनकर, संयोजक रमेश सोनवानी, सह-संयोजक अरुण दामले के नेतृत्व में पूर्व पार्षद गप्पु सोनकर, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सरोदे ने गणेश मंदिर प्रांगण में सेवानिवृत कर्मचारियों का श्रीफल, साल, पुष्पमाला से सम्मान किया। इस दौरान कमल भोएर, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, आशाबाई कोलेटकर, गणेश गड़पायले, दीपक प्रसाद वैष्णव, राजेंद्र श्रीरंगे का सम्मान किया। सम्मान समारोह में सुरेश साहू, सत्यम जायसवाल, नवीन जैन, मोहन सिंह राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गप्पु सोनकर व आभार प्रदर्शन दीपक दास वैष्णव ने किया।

### शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आज



**सड़क अतरिया।** चकनार में नवनिर्मित शिव मंदिर में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया है। कल रविवार को शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। इसे लेकर तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन में लोग उमड़ रहे है। वैदिक परंपरा और विधि-विधान के अनुसार चल रहे इस अनुष्ठान में बड़ी संख्या में ग्रामवासी श्रद्धा के साथ सम्मिलित हो रहे हैं। कलश यात्रा के साथ प्रारंभ इस महोत्सव के दूसरे दिन भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई। नगाड़ों, ढोल-नगाड़ों और भजन मंडली के साथ निकली बारात ने ग्राम को शिवमय बना दिया। पूजन क्रम में शनिवार को वेदी पूजन के साथ जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास एवं शयनाधिवास जैसे अनुष्ठान किया गया। पं. सूरज उपाध्याय, पं. विकेश दुबे एवं पं. शंकर तिवारी के मार्गदर्शन में समस्त कर्मकांड संपन्न हो रहे है। प्रधान यजमान जगदीश वर्मा ने परिवार सहित पूजन अनुष्ठान में भाग लिया।

# सचिव गायब, पंचायतों में सुबह लटके रहते हैं ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसराकला

डोंगरगढ़ और खैरागढ़ विकासखंड की पंचायतो में ऑफिस टाइम में भी ताले लटके मिल रहे है वजह यह है कि जिम्मेदार अधिकारी अपने दफ्तरो से निकलते ही नहीं है। अधिकारी ऑफिस में बैठकर सारे काम कर लेते है जिसके कारण कर्मचारी मनमानी कर रहे है। ब्लॉक की अधिकतर पंचायतो में 11 बजे के बाद ही पंचायत सचिव एवं अन्य दिखते है और करीब एक- दो घंटे बैठने के बाद घर चले जाते है। सचिव के मौजूद नहीं रहने से ग्रामीण छोटे छोटे कामो के लिए भटकते रहते है।







### सुविधाओं से वंचित ग्रामीण

जानकारी के अनुसार सलोनी, बरनाराकला, सिवनीकला, सलटिकरी, परसाही, दैहान,करेला, जुरलाकला सहित अन्य दर्जनो पंचायतों के भवन जर्जर है इनके सुधार की सुध कोई नहीं ले रहा है। पंचायत प्रतिनिधि बार बार आवेदन देकर थक गए हैं। पंचायतो के भवन की हालत ऐसी है कि सामान्य दिनो में लोग बैठ नही सकते।बरसात होने पर पानी पंचायतो में घुस रहा है और पंचायतो में तालाब जैसे हालात बन जाते हैं। जर्जर पंचायत भवनो को निर्माण कराना आवश्यक हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि लापरवाह कर्मचारियों के कारण उन तक योजनाएं और सुविधा नहीं पहुंच रही है जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन सहित अन्य योजनाओं का बुरा हाल है।

### पंचायत 10 बजे खोलना जरूरी

पंचायत सचिवों की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया है पंचायत कार्यालय सुबह 10 बजे खुल जाना चाहिए। समयानुसार वहां उपस्थित रहना है। बैठकों में जाने का समय सूचना बोर्ड पर अंकित करना जरूरी है ताकि ग्रामीणों को परेशानी न हो। - **भगवती साहू,** सीईओ



# जनसंख्या नियंत्रण कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

देश में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाने और अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि को रोकने प्रभावी कानून बनाने की मांग को लेकर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी इकाई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

सरकार से अतिशीघ्र जनसंख्या नियंत्रण कानून बना प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग करते हुए जिलाध्यक्ष रूपकुमार वर्मा, रत्नेश वर्मा, उदयराम वर्मा, अनिल पाल, अरविंद निषाद, नंदकुमार निषाद सहित अन्य ने कहा कि एक देश तभी विकसित हो सकता है जब उसकी जनसंख्या नियंत्रण में हो क्योंकि सभी की जरूरतों को पूरा करने के संसाधन सीमित हैं। जहां एक ओर नियंत्रित जनसंख्या राष्ट्र की शक्ति को बढ़ाने का कार्य करती है तो वहीं दूसरी ओर अनियंत्रित जनसंख्या राष्ट्र के विकास में बाधक है। जनसंख्या वृद्धि मानव जीवन के लिए आवश्यक संसाधनों आवास, भोजन, रोजगार, बुनियादी ढांचा और पर्यावरण को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचती है। उन्होंने कहा कि देश की जनसंख्या वर्तमान में 140 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जो विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या है। यह आंकड़ा हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता का प्रतीक है, किंतु यह हमारे संसाधनों पर भारी दबाव डाल रहा है। अशिक्षा, निर्धनता, प्रदूषण, कुपोषण, बेरोजगारी, नशा, मांसाहार, जीवहत्या, भ्रष्टाचार इत्यादि समस्याएं विकराल रूप से बढ़ती चली जा रही हैं।

### संसाधन हो रहे सीमित

बढ़ती जनसंख्या के कारण पानी, भोजन, आवास और ऊर्जा जैसे बुनियादी संसाधन सीमित हो रहे हैं। प्रति व्यक्ति संसाधनों की उपलब्धता में कमी के कारण जीवन स्तर प्रभावित हो रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बड़ रहा है, स्कूलों में सीटों की कमी और अस्पतालों में बेड की अनुपलब्धता आम बात हो गई है। रोजगार के अवसर कम हो रहे है जिसके चलते बेरोजगारी और गरीबी में वृद्धि हो रही है। वनों की कटाई, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्या जनसंख्या घनत्व के कारण और गंभीर हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट्स अनुसार यदि जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित नहीं किया गया, तो 2050 तक भारत की जनसंख्या 170 करोड़ तक पहुंच सकती है। यह स्थिति हमारे आर्थिक विकास, सामाजिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। ज्ञापन में उन्होंने सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# अंचल में जगह-जगह गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गुरू पूर्णिमा के मौके पर भाजपा शहर मंडल ने श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव का मंडल स्तरीय आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामजी भारती ने गुरु का महत्व बताया। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेंदरसिंग बनोआना, शहर अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, नीरज यादव, चीकू जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़, अमित जैन, विनित यादव, विनय बंसल, भागवत नामदेव, सविता दरगढ़, लक्ष्मी यादव, अनिता इंदुरकर, मीना यादव, अलका सहारे, कैलाश सोनवानी, सुमित मिश्रा, मुकुंद कंडरा, मीना यादव, तारा गोरल, पूजा उज्जवने, रामकुमार डड़सेना, गीता मानिकपुरी, गिरिश साहू, अनिल पांडे, अजय शर्मा, रूपेंद्र कुमार, महेश सहारे, आकाश राजपूत, ओमप्रकाश साखरे, मोंटी सिंह भाटिया, आवेश निगम, बबिता मलागार, भूपेंद्र मरकाम, रेखा राघोत्र, राजेश कंडरा, शिवांगी साखरे, सुमित ताम्रकार उपस्थित थे। इस अवसर पर गोवर्धन सिंह राजपूत, विश्वनाथ यादव, गुरविंदर सिंह, हेमंत साहू, डीसी लमकम, वैशाली देशकर, जागेश्वर निषाद का सम्मान किया गया।

### गुरू की महिमा का बखान



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रकाश यादव, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आरंभ किया। विद्यालय के बच्चों ने गीत, कहानी, कविता, प्रेरक प्रसंग आदि प्रस्तुत किए। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में निशांत जैन, नूपुर नागमोते, यातिका कंवर, मोनिका जंघेल, हेमंत साहू, संध्या चौरसिया, दीक्षा मेश्राम, खेमेका यादव, अन्नू देवांगन, अर्पण कुमार गजेंद्र, आर्भित, शिवांश, एकांश, जय प्रसाद मौर्य, निहाल राजपूत, अश्वनी अंबादे, शिवम वैष्णव, गर्वित जैन, राशि सिन्हा, अनोखी श्रीवास्तव, दिव्या करण सिन्हा, इशिका शामिल थे। बोधन भारद्वाज ने गीत एवं विनोद ताम्रकार ने गुरु अगस्त ऋषि के बारे में जानकारी दी। सुरेश वैष्णव ने गुरु व शिष्य के महत्व को समझाया। थेलेश साहू ने मां को प्रथम गुरु बताया। संचालन ऋषभ वाल्दे ने किया।

**बांधाबाजार।** विजन निशुल्क कोचिंग संस्थान द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव में गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए शिक्षा के माध्यम से गांव को बदलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने भक्ति गीतों, कविताओं और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु महिमा का बखान किया। इस मौके पर नीलकंठ कोमरे ने कहा आज हम सिर्फ कक्षा शुरू नहीं कर रहे बल्कि उस सोच को तोड़ रहे हैं, जो कहती है कि गांवों में रहकर बड़े सपने नहीं देखे जा सकते। कार्यक्रम में मनोहरलाल, भजनलाल, राजू निर्मलकर, किरण मंडावी, प्रफुल्ल भंडारी, रामप्यारा, रामचंद्र निर्मलकर, अंजोरीराम, रामदास साहू, मंदराजी भुआर्य, नेहा कोमरे आदि उपस्थित थे। समापन के अवसर पर विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री दी गई। संचालन राजू निर्मल ने किया।

**रामाटोला।** श्रीमद भागवत सेवा संस्थान कोहका के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का



आयोजन गढ़ माता मंदिर ढाबा में किया गया। गुरुचरण पूजन, वैदिक हवन यज्ञ, गुरु आरती एवं महाप्रसादी भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान गुरुदेव भगवान ने गुरु शिष्य परंपरा एवं श्री रामानंद सम्प्रदाय की विस्तृत व्याख्या करते हुए बताया कि गुरु केवल वाणी देने वाले नहीं, बल्कि शिष्य की चेतना को प्रकाशित करने वाले होते हैं। आयोजन में संरक्षक अलख राम सूर्यवंशी, भगवानदीन साहू, अध्यक्ष गैंदलाल वर्मा, दयालु राम साहू आदि शामिल हुए। अंत में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। यह जानकारी बनवारी वर्मा ने दी।

**सड़क अतरिया।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लाक इकाई ने घिरघोली के सिद्ध बाबा मंदिर में ब्लाक



स्तरीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित जंघेल, ब्लाक अध्यक्ष बद्रीराम साहू, लालाराम जंघेल शामिल हुए। शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। सिद्ध बाबा की पूजा अर्चना कर गुरूजनो का तिलक लगाकर स्वागत एवं पूजन किया गया। मंदिर प्रांगण में मानस संगोष्ठी का आयोजन कर गुरू महिमा का बखान किया गया। कार्यक्रम में कोमल जंघेल ने गुरू की महिमा एवं महत्ता का बखान किया। इस दौरान राजेन्द्र लोचन तिवारी, गैंदूराम जंघेल, युवराज ठाकुर, अनुज जंघेल, अमलेश सिन्हा, गजराज जंघेल, अर्जुन जंघेल, रामावतार, शिव, समयलाल पटेल, रवि पटेल, नरेश पटेल, गजानंद जंघेल, मुकुंद जंघेल, खोमलाल साहू, गुलशन जंघेल, साहस राम, गैंदुराम, बिसाहुराम, जगन्नाथ, मनहरण नेताम, प्रेमलाल निषाद, बिसौहा जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

### महिला मोर्चा ने मनाया गुरू पूर्णिमा



महिला मोर्चा ने प्राथमिक शाला पंडरिया में जनपद सदस्य ज्योति जंघेल के आतिथ्य में गुरु पूर्णिमा मनाया। कार्यक्रम में गुरू की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों का सम्मान किया गया। विद्यार्थी एवं अतिथियों द्वारा स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस मौके पर श्रीमती जंघेल ने कहा कि जीवन में गुरू की भूमिका सबसे अहम होती है जिसके मार्ग दर्शन से लक्ष्य और जीवन में कामयाबी हासिल होती है। आयोजन में प्रीति, ममता ठाकुर, संतोष कुमार, श्री नेताम, प्राचार्य माण्डले, शिवांगी पसीने, अनिता गावडे, दिव्या जंघेल, तुकेश्वर जंघेल, लेखराम जंघेल, भूखन जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

**कुमरदा।** सरस्वती शिशु मंदिर आमगांव में



धूमधाम से गुरु पूर्णिमा मनाया गया। कार्यक्रम में भोलाराम देवांगन ने गुरु की महिमा का बखान किया। कार्यक्रम में गणेशराम भोयर, रामेश्वरी साहू, लिलेश्वरी निर्मलकर, पूजा भंडारी, कुमकुम साहू, हर्षिता देवदास, जागेश्वरी साहू, श्यामबाई सिन्हा एवं छात्र उपस्थित थे।

### पारीखुर्द स्कूल



शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द में गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। बच्चों द्वारा अपने गुरूजनों का सम्मान किया गया। आयोजन में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक लालदास वैष्णव तथा सेवानिवृत्त शिक्षक परसराम चंद्राकर की उपस्थिति रही। उनके द्वारा गुरू पूर्णिमा मनाए जाने के प्रयोजन व गुरू का जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि धरती पर अवतरित ईश्वर ने भी गुरू की शरण में ही जाकर ज्ञान, विद्या और कौशल प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक हरीश कुमार देवांगन, प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनुपमा सोनी, शिक्षिका पुष्पलता देवांगन व बच्चों की उपस्थिति रही।

### कोपेडीह दुर्गा मंदिर प्रांगण



ग्राम कोपेडीह (अंजोरा) में गुरू पूर्णिमा महोत्सव आदर्श नवयुवक दुर्गा मंदिर में आयोजित किया गया। जिसमें स्व. गिरधरलाल साव को धार्मिक सांस्कृतिक पुरोधा सम्मान बसंती साव को, रामावतार साहू को कला जगत, धुरसिंग मंडावी को शिक्षा, सुशीला साहू को महिला संगठन, मधु साहू एवं नगीना साहू को आंगनबाड़ी में बच्चों को सुसंस्कार के लिए सरपंच चुनेश्वर साहू, उपसरपंच जागेश्वर साहू, पंचगण, गांव के प्रबुद्धजनों द्वारा शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद साव ने सदगुरु देव की महिमा का व्याख्यान दिया।

### महाराष्ट्रीयन तेली समाज



गुरू पूर्णिमा के अवसर पर महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा स्टेशनपारा स्थित भवन परिसर में स्थापित समाज के गुरु संत संताजी जगनाडे महाराज की पूजा-अर्चना व महाआरती समाज के अध्यक्ष राजेश समरीत द्वारा की गई। युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश समरीत ने बताया कि समाज द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव प्रतिवर्ष मनाया जाता है। जिसमें समाज के सदस्यगण शामिल होकर गुरू महाराज की पूजा व गुरु वंदन करते हैं। समाज की महिला मंडल द्वारा गुरू वंदना, महाराज के भजन व आरती गाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर सचिव चंद्रशेखर बावनकर, वासुदेव गायधनी, कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण गायधनी, गजेंद्र लांबट, बसंत समरीत, अनिल मानकर, राजेश बावनकर, अरुण घाटोड़े, संतोष धोबरे, संतोष हटवार, राजेश बिसने, रितेश गवते, महेश साकुरे, प्रकाश अवचट, राजू देशमुख, अभिषेक गिरेपूंजे, अभिषेक देशमुख, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बुटले, नीलू बावनकर, सरोज गिरेपुंजे, बबीता गायधनी, रश्मि गवते, रोशनी हटवार, रोहिणी समरीत, केयूर समरीत व अन्य लोगों ने संत महाराज का आशीर्वाद लिया।

### युगांतर पब्लिक स्कूल



युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गुरू पूर्णिमा पर अपने गुरूजनों का सम्मान किया। बच्चों ने सर्वप्रथम अपने गुरूओं का तिलक लगाकर और पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने गुरूओं की वंदना भजन के माध्यम से की। विद्यार्थियों ने प्रभावकारी सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने विचारों के माध्यम से गुरूओं को सर्वोपरि माना। प्राचार्य मधुसूदन नायर ने शिक्षकों को गुरू पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी। हिंदी व संस्कृत और कला, संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य के मार्गदर्शन में हनुमान चालीसा का सस्वर पाठन शिक्षकों विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रबंध समिति ने भी सभी शिक्षकों को गुरू पूर्णिमा पर्व की बधाई दी है।

### एनबीआईएस बोरी

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में गुरू पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाला में विशेष सभा का आयोजन किया गया। संगीत विभाग द्वारा बच्चों को गुरु की महिमा का बखान करते गीतों की प्रस्तुति दी गई। शाला के भगत हाउस से कक्षा नवमी के छात्र शौर्य तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा छठवीं एवं सातवीं के बच्चों ने सामुहिक नृत्य का शानदार




प्रदर्शन किया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने शाला परिवार को शुभकामनाएं देते कहा कि माता-पिता, ईश्वर हमें जन्म देते हैं, लेकिन एक अच्छा इंसान बनने की सीख हमें गुरू देता है। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, नितिन चौहान, शिक्षक, बच्चे तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एनपीपीएसए



गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग एवं जयस्तंभ चौक के नर्सरी से केजी-2 के बच्चों द्वारा गुरू पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर नर्सरी से केजी-2 तक के बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरू ब्रह्मा, गुरू विष्णु, गुरू साक्षात परम् ब्रह्म के साथ किया गया। कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने वेदों एवं पुराणों के रचयिता महर्षि वेद व्यास के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा गुरू-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते सभी गुरूजनों का आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर संस्था के डॉयरेक्टर नीरज बाजपेयी छात्र-छात्राओं को गुरू की महत्ता के गुर बताते कहा कि . जीवन में हर व्यक्ति को अपना जीवन संवारने एवं उपलब्धि हासिल करने गुरू की जरूरत पड़ती है। गुरूजनों के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन सफल बनाया जा सकता है। इस दौरान डॉयरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य आरती पिल्लई, वैशाली सिंग, स्नेहा तिवारी सहित शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित थे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

### पुष्पा बहन का किया सम्मान



गुरू पूर्णिमा पर्व पर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका पुष्पा बहन का गुरू रूप में भावभीना सम्मान किया गया। शहर के लालबाग स्थित ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में पधारकर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, वरिष्ठ समाजसेवी शारदा तिवारी, साहित्यकार आत्माराम कोशा आदि ने ब्रह्मकुमारी पुष्पा बहन को सनातनी पितांबरी शाल ओढ़ाकर तथा गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। लायंस क्लब द्वारा किए गए सम्मान से अभिभूत ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के लोगों सहित संस्कारधानी के संस्कारी निवासियों की खुशहाली और उज्ववल भविष्य की शुभकामनाएं की। इस मौके पर समाजसेवी शारदा तिवारी ने कहा कि अभी समय ठीक नहीं चल रहा है। लोगों को अपने बड़े - बुजुर्गों व गुरूओं के कहे अनुसार रास्ते पर चलना चाहिए और संस्कारिक जीवन जीते हुए जीवन सफल व धन्य बनाए। इस दौरान श्रद्धालुओं को महाप्रसादी ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में राजू डागा, संजय तेजवानी, राजा माखीजा, संजय तेजवानी, मुरलीधर सोमानी, चंदा, प्रभा, रम्भा आदि उपस्थित थे।

### गुंगेरी नवागांव



ग्राम पंचायत गुंगेरी नवागांव में गुरू पूर्णिमा अवसर पर जय गढ़माता भुनेश्वर जस झांकी मंडली एवं ग्रामवासी गुं. नवागांव द्वारा गुरू सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुई। आयोजक समिति एवं ग्रामीणों ने सभापति जागृति चुन्नी यदु को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान भेलेन्द्र नेताम, छन्नू पटेल, पन्नालाल यादव, गयाराम यादव, हेमंत साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### तिलईरवार स्कूल



शा.उ.मा.विद्यालय तिलईरवार में गुरू पूर्णिमा पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अशीम कुमार यदु एवं स्टॉफ द्वारा पूजा-अर्चना कर आरंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते विभिन्न कविता, गीत, भाषण का आयोजन किया गया। इस प्रस्तुति में आरती, रीना, देवकी, संध्या, वैष्णवी, तेजस्विनी, पीयूष कुमार एवं कुनाल दास बंजारे द्वारा दिया गया। सरस्वती वंदना वैशाली एवं देवकी द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम प्रभारी थंगेश्वर साहू ने बताया कि गुरु हमें अज्ञान के अंधकार से बाहर निकालकर ज्ञान का प्रकाश देते हैं, वह हमें सही आदर्शों का पालन करना सिखाते हैं। अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, नोहर दास लिलहारे, प्राचार्य अशीम यदु ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर रेखा मुरकुटे, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, अशीष मसीह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू द्वारा किया गया।

## सार समाचार

### शांति भंग होने का अंदेशा, 2 पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत डोंगरगढ़ पुलिस ने शांति भंग होने के अंदेशा पर 2 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा थाना क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु एवं शहर में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने हेतु अपने टीम के साथ लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत 11 जुलाई जुलई को शहर में शांति भंग करने वाले 2 व्यक्ति राजेश साहू 38 साल निवासी ठेठवारपारा डोंगरगढ़ एवं यशराज ठाकुर 21 साल निवासी ग्राम बेलगांव के विरूद्ध संज्ञेय अपराध घटित होने की अंदेशा पर धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है।

### जिले के 91 श्रद्धालु जाएंगे तीर्थयात्रा पर

**राजनांदगांव।** श्री रामलला दर्शन (अयोध्याधाम) योजना अंतर्गत 6 से 9 अगस्त 2025 तक जिले के 55 वर्ष से अधिक एवं 75 वर्ष से कम आयु वर्ग के 91 श्रद्धालुओं को तीर्थयात्रा कराई जाएगी। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया से 17-17 एवं नगर पालिक निगम राजनांदगांव से 9 तथा नगर पालिका डोंगरगढ़ से 4, नगर पंचायत डोंगरगांव से 4, नगर पंचायत छुरिया से 4, नगर पंचायत लालबहादुर नगर से 2 श्रद्धालुओं को तीर्थयात्रा कराई जाएगी।

### प्रवेश के लिए 15 से प्रतीक्षा सूची की काउंसलिंग

**राजनांदगांव।** प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की वर्गवार 15 से 18 जुलाई तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी जिला रायपुर में काउंसलिंग का आयोजन किया गया है। काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक 17 को

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में 17 जुलाई को दोपहर 2 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### लड़ाई-झगड़ा करने वालों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था को भंग करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी चिचोला प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पाटले द्वारा पुलिस चौकी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने असामाजिक तत्वों की विरूद्ध कार्रवाई किया जा रहा है। जिसके तहत 11 जुलाई को पुलिस चौकी चिचोला क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग व संज्ञेय अपराध घटित करने से रोकने हेतु मौके पर अनावेदक अभिनव सिन्हा 22 वर्ष निवासी व थाना थान खम्हरिया, मोनू 27 वर्ष निवासी लालबहादुर नगर, मोहित 26 वर्ष निवासी लालबहादुर नगर, श्रवण लाउत्रे 30 वर्ष निवासी बापूटोला को गिरफ्तार कर लोकशांति भंग होने के अंदेशा पर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट डोंगरगढ़ में धारा-170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### सामान्य सभा में उठा अवैध क्रेशर खदान का मुद्दा

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत में हुई साधारण सभा की बैठक के दौरान मनगट्टा, मुढीपार, जोरातराई क्षेत्र में संचालित कई अवैध क्रेशर खदान का मुद्दा हावी रहा। हरिभूमि द्वारा प्रकाशित शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध क्रेशर चलने की खबर को संज्ञान में लेते जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने इस पर जांच कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सदन में हरिभूमि अखबार की प्रति लहराकर इस ओर सदन का ध्यान आकर्षित कराया और सीईओ से इस पर कार्रवाई की मांग की।
शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में जिला पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य, जल संचय, विभिन्न निर्माण कार्य सहित कई योजनाओं और मुद्दों पर सदस्यों द्वारा चर्चा की गई।

### पुतरगोंदी कला में पौधों का रोपण

**राजनांदगांव।** एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत प्राथमिक शाला पुतरगोंदी कला संकुल मोतीपुर मोहला में 11 जुलाई को 10 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें आंवला, अमरूद, गुलमोहर आदि लगाया गया। स्कूली बच्चे चांद, निधि, पूर्वी, मोहित, पीयूष के साथ प्रधान पाठिका रमहला नायक, शिक्षक पेमेन्द्र साहू, सरपंच परमेश्वर कोमरे और ईश्वर कोमरे द्वारा अपने मां के नाम पेड़ लगाया गया।



इस अवसर पर प्रधानपाठिका रमहला नायक, शिक्षक पेमेन्द्र कुमार साहू, सरपंच परमेश्वर कोमरे, ईश्वर कोमरे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष महेश बोगा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बतिया कोरेटी, सहायिका कुलेश्वरी, मंजू कोमरे, वंदना, त्रिवेणी, शाला व आंगनबाड़ी के बच्चे, पालकगण एवं ग्रामवासी शामिल हुए। संकुल समन्वयक दिनेश आडिल एवं बीईओ देवांगन द्वारा स्टॉफ को बधाई प्रेषित किया गया।

### महाकाल मंदिर सिंघोला से पौधों का निःशुल्क वितरण

**राजनांदगांव।** सिंघोला ग्राम में स्थित महाकाल मंदिर एवं महाकाल सेना द्वारा एक विशेष धार्मिक एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर महाकाल को चढ़ने वाले बेलपत्र के 3000 पौधे श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम महादेव से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महाकाल सेना द्वारा यह अनोखी पहल सावन माह से प्रारंभ की जा रही है, जब पूरे नगर में धार्मिक वातावरण रहता है और महादेव की आराधना का विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल धार्मिक महत्व को सुदृण करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना है। महाकाल सेना ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इन पौधों को घरों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों में लगाकर हरियाली एवं आस्था दोनों को मजबूत करें।

### चंद्रिका तीसरी बार बने अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** नगरीय निकाय कर्मचारी संघों की बैठक गत दिनों रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में राजनांदगांव के चंद्रिका प्रसाद सिन्हा को तीसरी बार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री सिन्हा का नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों में अच्छी पैठ है। उनकी अच्छी पैठ सिन्हा समाज व अन्य समाज सहित मीडिया में भी है। निगम सचिव रहने के दौरान उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया है। उनकी व्यक्तिगत छवि अच्छी होने और वर्षों का कार्य अनुभव होने से संगठन में मजबूती प्रदान करने उनका नेतृत्व आवश्यक समझा गया है। श्री सिन्हा छत्तीसगढ़ कलार समाज के भी पदाधिकारी रह चुके हैं। वह राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक जिला उपाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं।
संयुक्त निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी किया है।

---

#### असामाजिक तत्वों ने फोटो में लगाया कीचड़

# अंबेडकर द्वार के साथ छेड़छाड़ बौद्ध समाज ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर के बधियाटोला वार्ड नंबर 7 स्थित डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर द्वार में लगे बाबा साहेब की फोटो के साथ अज्ञात सामाजिक तत्वों द्वारा छेड़खानी की गई तथा द्वार सहित फोटो को गंदे कीचड़ के लेप से खराब किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दिन पहले ही नगर पालिका द्वारा डॉ. अम्बेडकरद्वार का जीर्णोधार कर बाबा साहेब अम्बेडकर की फोटो को लगाया गया था। जिससे समाज के लोग प्रसन्न थे, लेकिन सुबह होते ही राहगीरों ने देखा कि बाबा साहेब द्वार पर कुछ लोगों द्वारा कीचड़ से लीपापोती करने की कोशिश की गई है और उसे खराब किया गया है। धीरे-धीरे यह खबर समाज तक पहुंची और बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के युवा अम्बेडकर द्वार के पास उपस्थित होकर अपना विरोध जताया तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर राका से डोंगरगढ़ मार्ग पर धरने पर बैठ गए।

मामले की जानकारी मिलते ही एसडीओपी आशीष कुंजाम सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचकर सामाजिक लोगों को मनाने में लगे और आश्वासन दिया कि जल्द दोषियों को ढूंढकर उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन की बात का मान रखते बौद्ध समाज ने तीन दिन का समय दिया है और कहा है कि समय रहते दोषियों को नहीं पकड़ा गया तो समाज को मजबूरन अपने मान-सम्मान के लिए बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।



**अपमानित करने की जा रही कोशिश**

समाज के अध्यक्ष डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने बताया कि बौद्ध समाज शांतिप्रिय व अंहिसा मार्गी है। वह कभी भी हिंसा नहीं चाहता, लेकिन कुछ लोगों द्वारा बार-बार हमारे महापुरूषों को टारगेट कर अपमानित करने की कोशिश की जा रही है, जो अशोभनीय है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की प्रशासन से मांग करते है। बौद्ध समाज संविधान पर विश्वास करता है और उसका अनुपालन करता है, इसलिए अभी तक चुप बैठा है।

**लड़ाई लड़ने होना पड़ेगा मजबूर**

श्री नंदेश्वर ने कानून प्रशासन से निवेदन करते इस प्रकार की घटना की भविष्य में पुनरावृत्ति न हो उसका ध्यान रखने की बात कही। वरना बौद्ध समाज को अपने हिसाब से लड़ाई लड़ने मजबूर होना पड़ेगा। इस सम्मान की लड़ाई में बौद्ध समाज के जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में सामाजिकबंधु उपस्थित थे।

**समाज को जानबूझकर उकसाने की कोशिश**

डोंगरगढ़ शहर शांतिप्रिय है, जहां सभी धर्म को मानने वाले लोग शांति से रहते हैं। यहां हर कोई एक-दूसरे के कार्यक्रमों में शामिल होते हैं, लेकिन यही शांति कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रही है। वे जानबूझकर अशांति फैलाने में लगे हैं। डोंगरगढ़ में सबसे बड़ी आबादी वाले बौद्ध समाज के महापुरूषों को बार-बार अपमानित करने की साजिश कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा की जा रही है। उनका मकसद डोंगरगढ़ में अंशाति फैलाने का है, इसलिए वे ऐसे कृत्य कर रहे हैं। जिससे बौद्ध समाज के मान-सम्मान को ठेस पहुंचे और वे उग्र हो जाए, लेकिन बौद्ध समाज शिक्षित है, वह अपनी लड़ाई कानूनी रूप से लड़ना जानता है, इसलिए कानून के पास न्याय की मांग कर रहा है।

---

# अवैध रूप से उर्वरक की बिक्री, कार्रवाई

- जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने की जा रही कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार शासन द्वारा निर्धारित दर पर खरीफ 2025 में जिले के सभी श्रेणी के कृषकों को निजी तथा सहकारी संस्थाओं से उर्वरकों के विक्रय एवं निजी संस्थाओं द्वारा अवैधानिक रूप से उर्वरकों की कालाबाजारी जैसी गतिविधियों को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आदेश के परिपालन में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा संस्थाओं में मूल्य दर, स्टॉक पंजी, पीओएस मशीन को अद्यतन कराने कृषकों द्वारा आवश्यकतानुसार खाद का क्रय सुनिश्चित करने जिला स्तरीय निगरानी के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम हरदी में मेसर्स जय अम्बे उन्नत कृषि केन्द्र प्रोपराईटर सुरेश द्वारा प्रोम खाद को डीएपी के नाम से 1550 रुपए प्रति बोरी में विक्रय किया जा रहा था एवं मेसर्स द्वारा पंजी संधारण तथा कृषकों को बिल नहीं दिया जा रहा है। इस प्रकार विक्रय परिसर में पाए गए पुष्कर कंपनी का एसएसपी पावडर 5.05 टन, एसएसपी दानेदार 4.3 टन, खेतान कंपनी का एसएसपी दानेदार 1 बोरी, कृभको यूरिया 7.425 टन एवं इंदु फर्टिलाईजर्स का प्रोम 14 बोरी का जब्ती कर सुपुर्दगी में दिया गया।

**भंवरमरा में निरीक्षण**

इसी क्रम में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भंवरमरा में देवानंद सिन्हा के घर पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कृषक के घर पर 27 बोरी यूरिया एवं 14 बोरी अमोनियम सल्फेट बरामद किया। उर्वरक कृषक द्वारा इफको बाजार मंडी परिसर राजनांदगांव से खरीदा गया है, जिसे कृषक द्वारा बिना लाईसेंस के विक्रय करते पाया गया। उर्वरक की जब्ती कर सुपुर्दगी किया गया। प्रकरण उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के निहित प्रावधानों के तहत प्रकरण को कलेक्टर राजनांदगांव को प्रस्तुत किया गया है।

---

## स्वर साधिका अल्का व्यास पंचतत्व में विलीन

**राजनांदगांव।** वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास की धर्मपत्नी श्रीमती अल्का व्यास 65 का आकस्मिक निधन हो गया । श्रीमती व्यास ने संगीत शिक्षिका के रूप में अपनी सेवाएं महारानी लक्ष्मीबाई आदर्श कन्या स्कूल में लंबे समय तक दी। उन्होंने कुछ माह पूर्व ही सेवानिवृत्ति प्राप्त की थी। सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में शनिवार को उनके पुत्र अंकित व्यास ने लखोली मुक्तिधाम में उन्हें मुखाग्नि दी।



पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा एवं गोविंदलाल वोरा के भांजे राजेंद्र व्यास की पत्नी श्रीमती अल्का व्यास का निधन शुक्रवार की रात हो गया। आज दोपहर 3 बजे उनके निवास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी लालबाग से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। श्रीमती व्यास के निधन के समाचार ने स्थानीय पत्रकार जगत में शोक की लहर पैदा कर दी। श्री व्यास से आत्मीयता रखने वाले स्वजनों के साथ ही विशेष रूप से छत्तीसगढ़ सरकार पुलिस विभाग के अधिकारी एडीजी अमित कुमार ने मुक्तिधाम में मृतात्मा को अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते अरुण वोरा ने कहा कि श्रीमती व्यास ने आजीवन शिक्षा ने नाता जोड़े रखा। संगीत के क्षेत्र में उन्होंने कृष्ण भक्ति को अपने कंठ में उतारकर अनेक भजनों की प्रस्तुति मंचों पर की है।

---

# भाजपा के 3 मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

#### जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज तीन मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा की है।

राजनांदगांव पूर्व मंडल से अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष हरीशंकर देशमुख, मधु सुकृत साहू, गोविंद देवांगन, नील निर्मलकर, महामंत्री रमन राजपूत, संदीप साहू, कोषाध्यक्ष सुशीला साहू, सह कोषाध्याक्ष रामकिशुन साहू, मंत्री बुद्वेश्वर साहू, गुरूचरण सिन्हा, सपना देशलहरा, गुंजा साहू, सोशल मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र साहू, सह सोशल मीडिया प्रभारी अविनाश साहू, मीडिया प्रभारी संतोष साहू, सह-मीडिया प्रभारी छबीलाल यदु, कार्यालय प्रभारी परदेशी साहू, सह कार्यालय प्रभारी धमेन्द्र साहू को बनाया गया है।



राजनांदगांव पश्चिम मंडल से अध्यक्ष मनोज साहू, उपाध्यक्ष रमेश चंद्राकर, मुकेश साहू, पुष्पा उईके, उषा साहू, महामंत्री बलराम निर्मलकर, मोतीलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष कृष्णा साहू, सह-कोषाध्याक्ष गोविन्द वर्मा, मंत्री हेमदीप साहू, कोमल टंडन, भगवंतीन निषाद, अनामिका यादव, मीडिया प्रभारी डेवल साहू, सह-मीडिया प्रभारी हिपेन्द्र साहू, सोशल मीडिया प्रभारी राकेश साहू, सह सोशल मीडिया प्रभारी टुकेश्वर साहू, कार्यालय प्रभारी गुणीत साहू, सह-कार्यालय प्रभारी जितेन्द्र साहू को बनाया गया है।

छुरिया मंडल से अध्यक्ष कान्ता प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष नैनसिंह पटेल, हितेश गुप्ता, खिलेन्द्र साहू, भानबाई मंडावी, महामंत्री शेखर भारतद्वाज, अशोक मरकाम, कोषाध्यक्ष शिवा मिश्रा, सह-कोषाध्याक्ष सोहन साहू, मंत्री राजकुमार सिन्हा, शकुन बडोले, प्रभा पवार।

भारती रजक, मीडिया प्रभारी शिशुपाल साहू, सह-मीडिया प्रभारी कुंश कुंभकार, सोशल मीडिया प्रभारी मोनेश साहू, सह-सोशल मीडिया प्रभारी विवेद यादव, कार्यालय प्रभारी खिलेश कुमार साहू, सह-कार्यालय प्रभारी आनंद शुक्ला को बनाया गया है।

भाजपा जिला महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव एवं सौरभ कोठारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकानाएं देते आने वाले समय में संगठन के कार्यों में जुट जाने का आह्वान किया है।

---

## नदी में बहे दूसरे व्यक्ति का शव चार दिन बाद मिला

**राजनांदगांव।** छुरिया विकासखंड अंतर्गत बीते बुधवार को गैंदाटोला से फाफामार सड़क पर बने छोटा नाला पुल पार करते हुए गैंदाटोला निवासी केशवराम धरमगुड़े और बीरेन्द्र यादव साइकिल सहित तेज बहाव बह गए थे। जिनकी तलाश में दूसरे दिन लगी टीम को केशवराम का शव मिला था। वहीं एक अन्य व्यक्ति वीरेन्द्र यादव की तलाश की जा रही थी। आज सुबह घटनास्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर छोटा नाला नदी में वीरेंद्र यादव का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने नदी से शव को बरामद किया है।

### कुकुरमुड़ा चौक में साप्ताहिक बाजार आज

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत कुकुरमुडा के ग्रामीण लम्बे समय से साप्ताहिक बाजार की मांग कर रहे थे। आसपास गांव में साप्ताहिक बाजार लगने से यहां दिन तय नहीं हो पा रहा था। अब ग्रामीणों की एक राय से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक बाजार लगाने का निर्णय लिया है। कल रविवार को पहला साप्ताहिक बाजार लगेगा।

---

# अज्ञात वाहन की ठोकर से आधा दर्जन मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानपुर के कोरकोट्टी में नेशनल हाईव पर अज्ञात वाहन ने सड़क पर बैठे मवेशियों को रौंद दिया। हादसे में 6 मवेशियों की मौत हो गई। जिसमें गाय और बैल शामिल हैं। हादसे की जानकारी लगते ही ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। उन्होंने चक्काजाम का प्रयास किया। हालांकि पुलिस की समझाइश के बाद सभी शांत हो गए।

घटना शनिवार सुबह 4 बजे की है। ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने 6 गाय-बैलों को कुचल दिया। हादसे में सभी मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। एक गाय घायल है। यह हादसा कोहका पंचायत के आश्रित ग्राम कोरकोट्टी में हुआ।



**ग्रामीणों में पनपा आक्रोश**

ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे पर आए दिन हादसे होते हैं। लोग जानवरों को चराने भी डरते हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही मानपुर और कोहका थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। घटना के बाद 15 से 20 ग्रामीण सड़क पर जमा हो गए थे। पुलिस के पहुंचने पर लोग हट गए।

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह तेज आवाज सुनाई दी, जब लोग बाहर निकले तो देखा कि मवेशी सड़क पर मृत पड़े थे। वाहन इतनी तेज रफ्तार में था कि टक्कर मारने के बाद तुरंत भाग गया। मवेशी गांव के हीरे सिंह, परमेश्वर दुग्गा, टीरूराम और लाल दास के हैं।

---

# आध्यात्म की शुरूआत परोपकार से : मुनि वीरभद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आध्यात्म की शुरूआत परोपकार से होती है और इसका अंत भी परोपकार से होता है। दरअसल परोपकार से आत्मा की संरक्षा का मार्ग प्रशस्त होता है। उक्त उदगार आज मुनि वीरभद्र (विराग) ने अपने प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि परोपकार पर अर्थात दूसरों का उपकार नहीं, बल्कि स्वयं का उपकार होता है।

व्यक्ति दोषी नहीं होता, बल्कि उसका आचार-व्यवहार, राग, दोषी होता है। आचार-व्यवहार को बदला जा सकता है, व्यक्ति को बदला जा सकता है।

जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में आज मुनिश्री वीरभद्र (विराग) ने परोपकार पर कहा कि जिसके अंदर परमार्थ आ जाए, त्याग का भाव आ जाए, वह परोपकारी है, जो भी व्यक्ति चारित्र लेना चाहता हो, उसका सहयोग करना परोपकार की पराकाष्ठा है।




परोपकार से आत्मा की सुरक्षा और संरक्षा का मार्ग तैयार होता है। सच्चा डॉक्टर रोगी के रोग को देखता है, व्यक्ति को नहीं। मुनिश्री ने कहा कि सम्यक धारणा यदि मन में बन गई तो फिर वह व्यक्ति परोपकार का कोई मौका नहीं छोड़ सकता। स्वयं के स्वार्थ को छोड़कर यदि कोई दूसरे का हित कर रहा हो तो वह परोपकार है। हमें स्वार्थ त्यागकर किसी की मदद करनी चाहिए ना कि स्वार्थ सिद्धि के लिए किसी की मदद करनी चाहिए।

**द्रव्य परोपकार-भाव परोपकार का कारण**

जैन मुनि ने कहा कि परमार्थ तत्वों को यदि गहराई से समझे तो कांसेप्ट क्लीयर हो जाएगा और आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ पाएंगे। परोपकार महत्व और प्राथमिकता के बारे में बताते मुनिश्री ने कहा कि किसी अभावग्रस्त व्यक्ति को यदि हम कपड़े दे देते हैं तो वह कम परोपकार है, उससे बड़ा परोपकार भूखे को भोजन देना होता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति बिना कपड़े के रह सकता है, लेकिन भूखा नहीं रह सकता। यदि व्यक्ति को कोई दूसरा व्यक्ति आत्म कल्याण के मार्ग पर ले जाता है तो यह सर्वोत्कृष्ट परोपकार है। उन्होंने कहा कि द्रव्य परोपकार-भाव परोपकार का कारण बनता है।

**पुण्योदय और पापोदय दोनों ही जबर्दस्त**

मुनिश्री वीरभद्र ने आगे फरमाया कि दूसरों को पीड़ा पहुंचाना, आगे चलकर स्वयं के लिए पीड़ा का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि इसलिए दूसरों को पीड़ा नहीं पहुंचाना चाहिए। पुण्योदय और पापोदय दोनों ही जबर्दस्त है। अपने जीवन में परोपकार के माध्यम से हम पुण्योदय की राह में बढ़ जाते हैं। जिससे हमारे आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन में धर्म की सुदृढ़ता के लिए परोपकार पहली सीढ़ी है, जो हमें शिखर तक पहुंचाएगी।






### भोरमदेव पदयात्रा के साथ सावन माह भर गूंजेगा हर हर महादेव और बोलबम की गूंज

# सोमवार को बुढ़ामहादेव से भोरमदेव मंदिर तक 18 किमी की पदयात्रा होगी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ऐतिहासिक, पुरात्तव, धार्मिक, जनआस्था का प्रतीक भोरमदेव मंदिर में कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पद यात्रा कर भगवान शिव में जलाभिषेक करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। जिले में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष सावन मास के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को भोरमदेव पदयात्रा की तैयारी की जा रही है। इस पदयात्रा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा भी शामिल हो सकते है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले भर के सभी नागरिकों को एवं गणमान्य, समाजिक संगठनों, व्यापरिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों को इस ऐतिहासिक भोरमदेव पदयात्रा यात्रा में शामिल होने के लिए न्यौता दिया है। इसके अलावा कबीरधाम जिले के कलेक्टर के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके वर्तमान में राज्य शासन के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को भी जिला प्रशासन द्वारा इस पद यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर के लिए सोमवार 14 जुलाई को सुबह 7 बजे बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक 18 किलोमीटर की पदयात्रा प्रारंभ होगी। सदियों से चली आ रही यह पदयात्रा प्रशासनिक तौर पर आमजनों के सहयोग से कवर्धा के बुढ़ामहादेव मंदिर से 2008 से अनवरत जारी है। श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के जन स्वास्थ्य सुविधा एवं विश्राम के लिए अन्य व्यवस्था भी जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

**भगवान शिव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के लिए की गई विशेष व्यवस्था**





श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गर्भगृह से भगवान के लाईव दर्शन के लिए एलईडी की व्यवस्था की गई है। जिस प्रवेश द्वार पर महिला एवं पुरूष का स्थान रखा गया है। उस द्वार का उपयोग कर भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने के लिए किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी सावन माह के प्रत्येक सोमवार को भोरमदेव मंदिर में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भंडारा और प्रसादी वितरण किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा इस पदयात्रा और पदयात्रा में शामिल होने वाले भक्तों के लिए स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाओं की तैयारियां पूरी कर ली गई है। साथ ही जिले से बाहर से आने वाले पदयात्रियों के लिए रोड मैप भी तैयार किया गया है। सम्पूर्ण पदयात्रा के लिए डीजे साउंड बाक्स तथा स्वास्थ्य विभाग का चलित एम्बुलेंस रहेगा। श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था किया गया है। भोरमदेव मंदिर परिसर के आस-पास कांवड़ियों के ठहरने के लिए भवन की व्यवस्था किया गया है।



## स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स/लोहारा

स्वामी आत्मानंद शासकीय हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद संतोष पांडेय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा, जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो हमें ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है। यह हमें बेहतर इंसान बनने और अपने सपनों को साकार करने में मदद करती है। आज हम उन बच्चों का स्वागत करते हैं जो पहली बार हमारे विद्यालय में कदम रख रहे हैं। शिक्षा से जीवन संवरता है, शिक्षा अच्छा जीवन जीने की राह दिखाती है। हम शिक्षित होकर देश व समाज के विकास में अपना अहम योगदान दे सकते हैं, बच्चे देश के भविष्य हैं, बच्चे शिक्षित होंगे तो देश का भविष्य उज्जवल होगा। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं कड़ी मेहनत कर अच्छे परिणाम लाएं और अपने परिवार व स्कूल का नाम रौशन करें। उन्होंने स्कूल की अच्छी पढ़ाई व बेहतर परीक्षा परिणाम की प्रशंसा भी की। प्राचार्य व शिक्षकों सहित सभी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामना दी।

### जिस स्कूल में पढ़े सांसद, उसी स्कूल के कार्यक्रम में बने मुख्य अतिथि

सांसद श्री पाण्डेय ने जिस स्कूल में पढ़ाई की। उसी स्कूल के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में अपने स्कूल समय के कुछ बातों का जिक्र भी किया और छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने कुछ शिक्षाप्रद कहानियां भी सुनाई। छात्र-छात्राएं भी सांसद को अपने बीच पाकर अति उत्साहित हुए।

**खबर संक्षेप**

### गुरु-पूर्णिमा पर्व से श्रावण मासी रामायण प्रारंभ



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम धनेली में विगत 10 वर्षों से भगवान शिव के प्रिय पवित्र श्रावण मास के पावन पर्व पर प्रति दिन शाम को श्री रामायण मंडली का आयोजन किया जाता है, जिसमें गांव में सुख-शांति व समृद्धि के लिए प्रत्येक वर्ष यह गुरु पुर्णिमा से प्रारंभ होकर श्रावण, भाद्रपद एवं क्वांर मास के शरद पूर्णिमा तक आयोजित किया जाता है, जिसमे प्रतिदिन अलग-अलग ग्राम से मानस मंडली सम्मिलित होकर मानस गायन-वादन किया जाता है। वहीं इस वर्ष भी त्रिवेणी मानस मंडली समिति द्वारा श्रावण मासी रामायण मंडली का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र के मानस मंडलियों से अपील कर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रीराम-चरित्र मानस गायन को सफल बनावें। वहीं श्रावण मासी रामायण गायन-वादन से ग्राम धनेली व आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है। त्रिवेणी मानस मंडली संरक्षक जुठेल साहू, गौतम साहू, श्रवण साहू, भोला साहू, श्रीराम साहू, कुमार साहू, भागवत धुर्वे, लखन साहू, बलदाऊ साहू, कुमार निर्मलकर व त्रिवेणी मानस मंडली के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान दिया जा रहा है।

### भोरमदेव मे ज्वाईन हैण्डस का भण्डारा 14 जुलाई को

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा। सावन सोमवार 14 जुलाई को श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोजन भंडारे का आयोजन किया गया है, जहां सुबह 5 से 7 बजे तक चाय-नाश्ता और साढ़े 7 बजे से शाम 6 बजे तक भरपेट भोजन की व्यवस्था किया जाएगा। ज्वाईन हैंण्डस के सदस्यों ने बताया की सावन के सोमवार को अमरकंटक एवं अन्य स्थानो से भोरमदेव तक पद यात्रा मे आने वाले भक्तों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था किया गया हैं खास कर कांवड़ियों एवं सोमवार को व्रत करने वालो का भी ध्यान रखा जाएगा। भोरमदेव शिव मंदिर मे प्रति वर्ष सावन माह मे लगभग 4 से 5 लाख श्रद्धालु शिव शंकर की पूजा व दर्शन करने पहुंचते हैं, जिसके लिए समाजसेवी संस्था ज्वाईन हैंण्डस द्वारा विगत 14 वर्षों से भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष दो रविवार को भी बम यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है।



### पोलमी स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व मना

**हरिभूमि कुई कुकदूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिषर में कुल 30 पौधे रोपे गए, जिनमें सागौन, जामुन, करंज, नीम एवं खम्हार जैसे छायादार व औषधीय महत्वपूर्ण वृक्ष शामिल हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं गुरुओं के वंदन से हुई। बच्चों को गुरु के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की भावना से जोड़ते हुए शिक्षकों ने प्रेरणादायक संदेश दिए। इस अवसर पर प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, समन्वयक अशोक पाण्डेय, शिक्षक राकेश सोनी, महेश उईके, द्वारिका चंद्रवंशी, पुनमचंद ठाकुर, श्रवण कुरचाम एवं वरिष्ठ नागरिक धनीराम करायत की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर पौधे लगाए और उन्हें संवारने की जिम्मेदारी ली। शाला परिषर में पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत कार्य को करते हुए सभी ने संकल्प लिया कि लगाए गए हर पौधे को संरक्षण देंगे, जैसे मां की ममता को संजोते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से शाला परिवार ने न केवल गुरु पूर्णिमा को यादगार बनाया, बल्कि पर्यावरण और मातृ-सम्मान का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया।



## शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाने एसडीएम को वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर पालिका परिषद पण्डरिया के वार्ड क्रं. 09 रोहा-देवपूरा के रहवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा को हटाने मांग की गई। बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद पण्डरिया के वार्ड क्रं. 09 रौहा-देवपुरा में शासकीय मद की भूमि स्थित रीहा-देवपुरा में अनिल यादव द्वारा सार्वजनिक उपयोग तथा बच्चों को खेल मैदान में अनावेदक अनिल यादव पिता तुत्तुराम द्वारा व वार्डवासियों द्वारा मनमानी रूप से अवैध कब्जा कर उक्त भूमि पर काटा तार से घेरकर फसल उत्पादन किया जा रहा है। जिस पर वार्डवासियों द्वारा मना करने पर अभद्र व्यवहार करते हुए, मनमानी व बलपूर्वक उक्त भूमि पर कब्जा किया गया है। तथा अनावेदक के चाचा भागबली यादव द्वारा सरकारी गौठान को अवैध कब्जा कर लिया है। जिस पर वार्ड क्रं. 09 वार्डवासियों ने उक्त व्यक्तियो पर सख्त कार्यवाही करते हुए शासकीय भूमि से बेदखल की जाने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी गण उपस्थित थें।

### मारपीट के आरोपी पुलिस के हिरासत में

**हरिभूमि कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना कुकदूर पुलिस द्वारा गंभीर मारपीट के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों 02 जुलाई को प्रार्थी राजा रब्बारी, निवासी वरसामेड़ी, थाना अंजार, जिला कच्छ (गुजरात) हाल मुकाम ग्राम झूमर, थाना कुकदूर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके साथी की भेड़ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के उपरांत जब वह लौट रहा था, तब ग्राम छुईया-तेलियापानी मार्ग पर मोटर सायकल सवार तीन व्यक्तियों ने उस पर डंडे से हमला किया। प्रार्थी द्वारा विरोध करने पर चार लोगों ने उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडा व तबल से गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस बीच, बीच-बचाव करने आए लक्ष्मण रब्बारी के साथ भी मारपीट की गई। जिस पर थाना कुकदूर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अपराध क्रमांक 80/2025 धारा 296, 115 (2), 351 (3), 118 (1), 3(5), 109(1) विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथनों के आधार पर चार आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार की गई। जिसमें आरोपी रोहित यादव पिता संतोष यादव आयु 25 वर्ष, विष्णु यादव पिता संतोष यादव आयु 28 वर्ष, राजेश बैगा पिता महकू बैगा आयु 24 वर्ष, संतोष यादव पिता रामप्रसाद यादव आयु 50 वर्ष सभी निवासी ग्राम छुईया-गाड़ादेही अजवाईनबाह, थाना कुकदूर आरोपियों के मेमोरेण्डम कथनों के आधार पर एक बांस का डंडा, तेंदू की लाठी और एक तबल को विधिवत जप्त कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

## पक्की सीसी रोड व नाली निर्माण के अभाव में गलियां कीचड़ से लथपथ, वार्डवासी परेशान

- मच्छर पनपने से लोगों में संक्रमण फैलने की आशंका।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द की आश्रित ग्राम बाझीमौहा की वार्ड क्रं. 07 व 08 और 09 की गलियां पक्की सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य के अभाव में वार्डवासियों को भारी परेशानियों व दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम बाझीमौहा वार्ड क्रं. 07 के निवासी प्रहलाद कश्यप ने बताया कि पक्की सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य नही होने से मुख्य गली-मोहल्ले में बारिश का पानी और घरों की गंदा पानी बीच गलियों में जाम होने से गली-मोहल्ले, चौक-चौराहे कीचड़ से लथपथ तथा जलभराव साथ ही साथ साफ-सफाई के अभाव में कीचड़ से उठने वाली बदबू से रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मच्छर पनपने से लोगों में संक्रमण फैलने की संभावना बनी हुई है। जिस पर जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा साफ-सफाई की मांग की गई ताकि वार्डवासियों को राहत मिल सके।



## स्कूल मर्ज होने से मिडिल स्कूल भवन अनुपयोगी साबित हो रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलेगांव स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव दोनो एक ही परिषर में होने के कारण शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला को हाई स्कूल में मर्ज होने के कारण कक्षा 6वी से 10वी तक की कक्षाओं का संचालन हाई स्कूल भवन में किया जा रहा है। बताया जाता है कि लाखों रुपए के लागत से निर्मित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सो पीस व अनुपयोगी साबित हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि शासन प्रशासन द्वारा लाखों की लागत राशि से निर्मित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन में सिर्फ और सिर्फ छात्र छात्राओं के लिए मध्यान भोजन का काम आएगा।

### गुरु-पूर्णिमा पर विद्यालय में स्वास्थ्य, विज्ञान, पर्यावरण व सम्मान का अद्वितीय संगम



**हरिभूमि पंडरिया।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केशली-गोड़ान-पंडरिया में गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर नई उम्मीद ब्राइट फ्यूचर एजुकेशन एसोसिएशन स्किल डेवलपमेंट एवं शिक्षक संघ पंडरिया के संयुक्त तत्वाधान में एक विशेष स्वास्थ्य, विज्ञान व पर्यावरण जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रो. डॉ तुलाराम साहू एवं श्रीमती भगवती साहू विशेष रूप से उपस्थित थे, उन्होंने विद्यालय के प्रधान पाठक विजय चंदेल, शिक्षक शेख लतीफ एवं रामायण प्रसाद ओगरे को पेन एवं शील्ड भेंटकर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशेष सम्मान प्रदान किया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का ब्लड ग्रुप परीक्षण, जो माइक्रोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से किया गया। डॉ तुलाराम साहू ने बच्चों को माइक्रोस्कोप की कार्यप्रणाली, स्वास्थ्य विज्ञान में उसकी भूमिका तथा ब्लड ग्रुप की वैज्ञानिक जानकारी अत्यंत सरल एवं रोचक शैली में दी। वहीं स्वास्थ्य व स्वच्छता विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान हेमराज पटेल, द्वितीय तामेश्वर पटेल व तृतीय स्थान रुद्र प्रताप ध्रुवे रहे विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान तथा अन्य सहभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप कॉपी और पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। तान्या बैरागी एवं दुर्गेश्वरी चंद्राकर ने बच्चों को स्वच्छता, संतुलित आहार, रोग प्रतिरोधक क्षमता तथा प्राथमिक चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद के माध्यम से जन-जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में गुरु पूर्णिमा को और अधिक सार्थक बनाने हेतु विद्यालय परिषर में विद्यार्थियों द्वारा अपनी मां के नाम पौधरोपण किया गया। जिसमें नीम, जामुन, आंवला, आम एवं कदम के पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

**पाटे गए गड्ढे, सुधरी सड़क**

## पटुवा-दामापुर पहुंच मार्ग का हुआ सुधार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पटुवा से दामापुर पहुंच मार्ग देख रेख के अभाव में सड़क गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील हो चुका था, जिस पर ग्रामीणो व राहगीरों का चलना मुश्किल हो रहा है वहीं राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है वहीं आवागमन करना सबब बना हुआ था। बताया जाता है कि कांग्रेस सरकार के निष्क्रियता के चलते एवं संबंधित विभाग के रख-रखाव के अभाव में मार्ग का हाल खस्ता हो चुका है और पहले ही बारिश में सड़क पर जल भराव की स्थिति निर्मित होने से आने जाने में भारी अड़चने उत्पन्न हो रही थी।

जिस पर उक्त समस्या को ग्रामवासियो व क्षेत्रवासी एवं जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, क्षेत्रीय जनपद सदस्य सुशीला अश्वनी यदु एवं क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा को समस्या अवगत कराया गया। जिस पर विधायक ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित सड़क मरम्मत कार्य के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया, जहां संबंधित विभाग द्वारा गंभीरता से लेते हुए त्वरित मटेरियल डालकर जर्जर मार्ग की मरम्मत कार्य कर मार्ग को दुरुस्त किया गया। जिस पर भाजपा मण्डल कुण्डा कार्यकर्ताओं, क्षेत्रवासियों एवं अध्ययनरत बच्चों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

### स्कूली छात्राओ व क्षेत्रवासियों को मिलेगी आवागमन में सुविधा

पटुवा एवं दामापुर के बीचों-बीच स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय होने के वजह से ग्राम पटुवा, दामापुर, अंतरिया, डोंगरिया सहित क्षेत्र के विद्यालयीन अध्ययनरत बच्चों को अध्ययन करने इसी मार्ग का उपयोग करते है। जो वर्तमान में जर्जर एवं जलभराव एवं कीचड़ मय मार्ग की वजह स्कूल गणवेश भी कीचड़ मय हो जाता था। विधायक की पहल से मार्ग मरम्मत होने से अब क्षेत्रवासियों, ग्रामवासियों एवं स्कूली बच्चों को स्कूल आने जाने में सुविधा मिलेगी।

AISECT
RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS
For Implementing Vocational Training under CSS-VSHSE across Govt. Schools in Chhattisgarh

Contractual-Institutional Positions for Sector: "Power"
Application are invited from eligible candidates for the position of Vocational Trainers in the above said sector for the implementation of CSS-VSHSE, in various Government Schools of Chhattisgarh
Remuneration (CTC) - Rs 20,000 per month
Age Limit - 18-37 years (As on 01/01/2025)
Online Application Link https://www.aisect.org/CG-VTrecruitment2025

| SECTOR | LOCATION (Districts) |
| --- | --- |
| Power | Balod, Balodabazar, Balrampur, Bemetara, Bilaspur, Dhamtari, Durg, Gariaband, Janjgir-Champa, Jashpur, Kanker, Kawardha, Korba, Mohala-Manpur-Chowki, Raipur, Sakti |

Last date of receipt of application : 15/07/25 (5:00 PM) IST

QUALIFICATION & EXPERIENCE
Power: Bachelor of Engineering/Technology in Electrical/EEE Engineering from a Recognized Institute/University with atleast one year work/teaching experience or Diploma in Electrical/EEE Engineering with three years of work/teaching experience
Desirable: 1) Certified Master Trainer from SSC in this job role
Minimum Competency: 1) Effective Communication Skills (Oral & Written) 2) Basic Computing Skills
Candidates shortlisted on the basis of details filled online will have to go through written test followed by an interview. Selected candidate will be asked to join within short notice.
सभी अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी. पद में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रक्रिया पारदर्शिता निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखें। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।
To Apply, Scan The QR Code
7000240756
Call Between 11:00 AM To 05:00 PM

**अनदेखी:** दबंगई और सत्ता की धौंस से पीड़ित परिवार रातभर बैठा रहा जिला कार्यालय की चौखट में

# जिले से लगातार सामने आ रहे दबंगई और सत्ता की घौंस के गंभीर मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले का चाहे कवर्धा विधानसभा क्षेत्र हो या फिर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र, सत्ता परिवर्तन के बाद दबंगई और सत्ता की धौंस के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जो न सिर्फ शासन-प्रशासन की छवि को धूमिल करते दिखाई दे रहे हैं बल्कि आम लोगों के लिए समस्या भी खड़े कर रहे हैं। हाल के दिनो में विधानसभा पंडरिया के बाद अब कवर्धा विधानसभा से भी कुछ ऐसी ही दबंगई और सत्ता की घौंस का मामला ग्राम सिंघनपुरी से सामने आया है। बताया जाता है कि ग्राम सिंघनुपरी निवासी हेमलता साहू बीते शुक्रवार की दोपहर करीब 1.00 बजे अपने पूरे परिवार और 15 दिन के बच्चे को लेकर अपनी निजी जमीन पर बेजाकब्जा की शिकायत लेकर जिला कार्यालय कवर्धा पहुंचे थी। महिला का आरोप है कि उसकी निजी जमीन पर गांव के कुछ दबंग और सत्ता से जुड़े लोगों ने जबरन कब्जा कर लिया है और उस पर अपने खेत पहुंचने के लिए जेसीबी मशीन के सहारे मार्ग का निर्माण कर रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि अपनी इस गंभीर समस्या को लेकर जिला कार्यालय पहुंची इस महिला की फरियाद दोपहर से लेकर कार्यालय बंद होते तक किसी भी सक्षम प्रशासनिक अधिकारी ने नहीं सुनी और सभी अधिकारी शाम को कार्यालय बंद होने के बाद अपने घर लौट गए। बताया जाता है कि महिला अपने नवजात और परिजनो के साथ देररात तक जिला कार्यालय की चौखट में ही बैठी रही। इस दौरान उसने मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मीडिया को अपनी व्यथा सुनाई तब कहीं जाकर कुछ प्रशासनिक अधिकारी महिला की सुध लेने पहुंचे। पीड़िता ने अपनी निज जमीन संबंधी तमाम दस्तावेज अधिकारियों को दिखाए और वो विडियो फुटेज भी दिखाई जिसमें दबंगो व सत्ता से ताल्लुख रखने वाले लोगों द्वारा पीड़िता की निज भूमि पर कब्जा कर मार्ग का निर्माण करा रहे है। लेकिन इतने के बाद भी अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की। मामले की खबर मीडिया में फैलने के बाद नींद से जागे प्रशासन ने फौरी तौर में सड़क निर्माण कार्य बंद करा दिया और इसकी जानकारी पीड़िता के साथ मीडिया को भी दी लेकिन जब प्रशासन के अधिकारियों से पूछा गया कि यह कार्य स्थाई रूप से बंद कराया गया है या फिर अस्थाई रूप से तब प्रशासनिक अधिकारियों की बोलती बंद हो गई और पीड़ित परिवार सही जानकारी और पुख्ता आश्वासन नहीं मिलने के कारण पूरी रात जिला कार्यालय में ही डंटा रहा। बताया जाता है कि दूसरे दिन शनिवार को प्रशासन ने पीड़ित परिवार को उसकी जमीन का सीमांकन कराए जाने तथा कार्यवाही किए जाने का आश्वासन तथा समझाईश देकर वापस गांव छोड़ दिया। अब देखने वाली बात होगी कि आगे जिला प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या और कब तक कार्यवाही करता है।

### पूरा गांव पीड़िता परिवार के खिलाफ



बताया जाता है कि पूरा ग्राम सिंघनुपरी के मामले में पूरा गांव पीड़ित परिवार के खिलाफ है क्योंकि वह अपनी निज जमीन में सड़क निर्माण के लिए रास्ता नहीं दे रही है। अगर ऐसा है और ग्राम पंचायत सहित शासन-प्रशासन को ऐसा लगता है कि पीड़ित की निज भूमि से ही सार्वजनिक उपयोग के लिए रास्ता निकालना एक मात्र विकल्प है तो बेहतर होगा कि इस मामले में वैधानिक प्रक्रिया के तहत शासन निज जमीन का अधिग्रहण कर प्रभावित किसान को उचित मुआवजा देकर ग्रामवासियों के लिए सार्वजनिक रास्ता का निर्माण करा सकती है। लेकिन अगर कुछ दबंग और सत्ता पक्ष से जुड़े लोग ग्रामीणों को साथ लेकर पीड़ति किसान की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर स्वयं सड़क निर्माण करा रहे है तो निश्चित रूप से यह न सिर्फ गलत है बल्कि गैर कानूनी भी है जिसके खिलाफ शासन-प्रशासन को कार्यवाही करनी चाहिए।

### दबंगों से सताए किसान परिवार ने दी सामूहिक आत्महत्या की चेतावनी

यहां बताना लाजिमी होगा कि कुछ इसी तरह का मामला अभी महज कुछ दिन पूर्व ही जिले के विधानसभा पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत कुण्डा तहसील के ग्राम भरेवापूरन से भी सामने आया था। जहां कुछ दबंगों ने पीड़ित किसान की निज जमीन पर कब्जा कर लिया है। जिसकी शिकायत पीड़ित किसान जनकलाल पिता अशर्फीलाल जाति कुर्मी आयु 60 वर्ष द्वारा तहसील कार्यालय कुण्डा से लेकर, सुशासन तिहार के शिविर और जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक तक से की है। लेकिन कार्यवाही शून्य है। प्रशासनिक सिस्टम और दबंगो की दबंगई से त्रस्त इस पीड़ित किसान परिवार ने तीन रोज पूर्व ही जिला कार्यालय पहुंचकर पुनः कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाते हुए कार्यवाही नहीं किए जाने पर सामूहिक रूप से आत्महत्या करने की चेतावनी तक दे डाली है। जिले में लगातार सामने आ रहे इस तरह के दबंगई और सत्ता की घौंस के मामले चिंता का विषय हैं।



## बोर वाहन सड़क हादसे में एक और घायल की मौत कुल 6 लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम आमानारा चांटा के पास बीते दिनो हुई बोर वाहन सड़क हादसे में अब मरने वालों की संख्या बढ़ कर 6 हो गई। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम को ही हादसे में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति ने कवर्धा से रायपुर रिफर किए जाने के बाद रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

जबकि इससे पूर्व तीन लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी वहीं दो लोगों की मौत पंडरिया से कवर्धा जिला चिकित्सालय ईलाज के लिए लाते वक्त हो गई थी। इन मृतकों में गजेंद्र राम पिता रंगू राम उम्र 30 वर्ष निवासी ठेठे टांगर बरा गजोर थाना कुनकुरी, सुभाष राम पिता बलदेव उम्र 25 वर्ष ग्राम बरागजोर थाना कुनकुरी जिला जशपुर, हरीश पिता चंद्राराम उम्र 19 वर्ष जाति भुईहर ग्राम बरागजोर थाना कुनकुरी जिला जशपुर, देवधर पिता देवभोराम उम्र 45 वर्ष निवासी नारियरढार कोका भरी थाना भन्सानेल जिला जशपुर तथा राज उम्र 50 वर्ष निवासी तिर चूमगोड़ थाना नामकल जिला नामकल तमिलनाडु शामिल थे।

वहीं शुक्रवार की देर शाम जिला चिकित्सालय से रायपुर रिफर किए जिस घायल की मौत हुई है उसका नाम बलराम पिता सोनू राम निवासी जसपुर बताया जा रहा है। इस प्रकार बोर वाहन सड़क हादसे में अब मरने वालों की संख्या कुल 6 पहुंच चुकी है। शेष घायलों का ईलाज जारी है।

### खबर संक्षेप



**पौधा रोपण कर लोगों को किया प्रेरित**

**पंडरिया।** पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया के साथ 12 जुलाई को गोपीकृष्ण शर्मा व उनकी धर्मपत्नी शीला शर्मा ने अपने 37 वें वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर बांधा तालाब में बेल का एक पौधा रोपित कर लोगों को पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। श्री शर्मा प्रतिवर्ष अपने अनेक अवसरों पर समिति के साथ पौधारोपण कर लोगों को जागरूक करने का कार्य करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को आने वाले पीढ़ी की चिंता करते हुए पौधा लगाना चाहिए तथा पेड़ बनने तक उनकी सुरक्षा करना चाहिए। पौधारोपण के दौरान समिति के मोहन राजपूत, अनुराग सिंह ठाकुर, गोविंद रजक, चंद्रप्रकाश राजपूत, मोहन सिंह (राजू), राजीव श्रीवास्तव व एसएल कुर्रे उपस्थित उपस्थित थे।

**छात्रावास अधीक्षक की काउंसिलिंग 14 जुलाई से**

**कवर्धा।** वर्ष 2022, 2023 व 2025 में पदोन्नत छात्रावास अधीक्षकों की पदस्थापना के लिए संभाग स्तरीय काउंसिलिंग रखी गई है। विभागीय जानकारी के मुताबिक काउंसिलिंग 14 जुलाई दोपहर 12 बजे से संभागीय कार्यालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, उद्योग नगर, दुर्ग में होगी। विभाग द्वारा पूर्व में वरिष्ठता सूची व रिक्त पदों की सूची को प्रकाशित किया है।

## 96 पौवा देशी शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



कुण्डा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 96 पौवा देशी प्लेन मदिरा कुल 17.280 बल्क लीटर जप्त की है। जिसकी अनुमानित कीमत 7680 रूपए आंकी गई है। वहीं पुलिस ने एक मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो क्रमांक सीजी 10 ईएल 2089, अनुमानित कीमत 40,000 रूपए को भी जप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुण्डा पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो क्रमांक सीजी 10 ईएल 2089 से थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम प्राणकापा-कापादाह रोड में अवैध शराब का परिवहन कर रहे हैं। इस सूचना पर कुण्डा थाना प्रभारी महेश प्रधान के नेतृत्व में टीम गठित कर घेराबंदी की गई। मौके पर दो संदेहियों को रोककर तलाशी ली गई और उनकी पहचान प्रेम कुमार पिता स्व. इतवारी लहरे आयु 22 वर्ष, निवासी सारंगपुर, थाना लालपुर, जिला मुंगेली तथा मनीराम काठले पिता भागवत काठले, उम्र 19 वर्ष, निवासी मानिकपुर, थाना लालपुर, जिला मुंगेली के रूप में की गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने इन आरोपियों के पास से बोरियों में छिपाकर रखी गई 96 पौवा देशी प्लेन मदिरा कुल 17.280 बल्क लीटर जप्त की है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना कुण्डा में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## बजाग पंडरिया मार्ग पर सड़क हादसा, फिर गई एक की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/कुई/कुकदुर



पंडरिया-बजाग मार्ग में शनिवार को भी सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक मोटर सायकल सवार युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब 4.00 बजे ग्राम गोपालभवना निवासी विकास चन्द्रवंशी अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेटी 5380 से बजाग-पंडरिया मार्ग से होते हुए अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम भाजीडोंगरी के पास उसकी तेज रफ्तार मोटर सायकल अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में मोटर सायकल चालक को गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों से मिली सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

## आदर्श ग्राम चचेड़ी के शासकीय मिडिल स्कूल में पेयजल संकट

- बीते पांच दिनो से पेयजल सप्लाई बंद, स्कूल में नहीं बन पा रहा मध्यान्ह भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत आदर्श ग्राम चचेड़ी में संचालित शासकीय मिडिल स्कूल में बीते पांच दिनो से पेयजल व्यवस्था ठप पड़ी है। जिससे न सिर्फ स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रही है बल्कि पेयजल के आभाव में स्कूल में बीते पांच दिनो से मध्यान्ह भोजन भी बंद पड़ा है। हैरानी की बात तो यह है कि इस गंभीर समस्या के प्रति न तो स्कूल के प्राचार्य कोई कार्यवाही कर रहे हैं और न ही ग्राम सरपंच तथा शाला विकास समिति के सदस्य इसकी सुध ले रहे हैं। इस संबंध में स्कूली बच्चों व रसोई ने बताया कि शासकीय मिडिल स्कूल चचेड़ी में बीते करीब पांच दिनो से पेयजल सप्लाई बंद है, अब इसकी वजह क्या है इसकी बात की जानकारी उन्हें नहीं है लेकिन स्कूल में पेयजल की आपूर्ति नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों ने बताया कि वे अपने घर से पेयजल लेकर आ रहे हैं। वहीं स्कूल में कार्यरत रसोईया ने बताया कि पानी नहीं होने के कारण मध्यान्ह भोजन नहीं बन पा रहा है। जिससे बच्चे मध्यान्ह भोजन के लाभ से वंचित है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस समस्या की जानकारी ग्राम सरंपच तथा शाला विकास समिति के अध्यक्ष तथा प्राचार्य होने के बाद भी पांच दिनो में पेयजल व्यवस्था दुरूस्थ नहीं हो पाई है। विद्यार्थियों ने स्कूल में जल्द से जल्द पेयजल व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

## डीपीएस में कारगिल विजय दिवस पर विशेष सभा आयोजित

- छात्र अलंकरण व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर, कवर्धा में 12 जुलाई को दो महत्वपूर्ण आयोजनों किए गए। स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार प्रातःकाल विद्यालय प्रांगण में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस सभा में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति, प्रेरणादायक भाषण एवं मौन श्रद्धांजलि के माध्यम से छात्रों को वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती ग्रेसिया एन फीग्रेड ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमे शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। विशेष सभा के उपरांत, विद्यालय में अत्यंत गरिमामयी वातावरण में अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नवचयनित छात्र-छात्राओं को उत्तरदायित्वों का बोध कराते हुए विधिवत शपथ दिलाई गई एवं उन्हें उनके पदों के अनुरूप अलंकृत किया गया। इस समारोह में छात्रों को विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया। जिसमें प्रधान छात्र (हेड बॉय) आदित्य दसरिया, प्रधान छात्रा (हेड गर्ल) कनिका जोशी, उप प्रधान छात्र (वाइस हेड बॉय) पीयूष वर्मा, उप प्रधान छात्रा (वाइस हेड गर्ल) एंजल, खेल कप्तान लोकेश दुबे, सांस्कृतिक कप्तान संस्कृति, हाउस कैप्टन (बालक/बालिका), रेड हाउस सानिध्य शर्मा/अश्विका, ग्रीन हाउस आनंद/दिशा साहू, ब्लू हाउस देवेंद्र/रेनू जायसवाल, येलो हाउस पंकज तिवारी/अंजली वर्मा, पर्यावरण क्लब कप्तान प्रवीण साहू, अनुशासन कप्तान जीवेश चुने गए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत संगीत एवं नृत्य कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नेतृत्व, कला और उत्साह का सुंदर प्रदर्शन किया। इस गरिमामयी समारोह में विद्यालय के डायरेक्टरआशीष कुमार अग्रवाल जी की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं दीं एवं उन्हें निष्ठा, सेवा और अनुशासन के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्या श्रीमती ग्रेसिया एन फीग्रेड के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं दोनों आयोजनों में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे। यह दिन विद्यालय के इतिहास में प्रेरणा, नेतृत्व एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा।

**जिला पंचायत सदस्यों ने पंचायती राज व्यवस्था पर जाने अपने अधिकार एवं कर्तव्य**

## जिपं सदस्यों का पंचायती राज व्यवस्था पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र डगनिया में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 09 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य जिला पंचायत सदस्यों को पंचायती राज व्यवस्था की गहन समझ योजनाओं के क्रियान्वयन बजट निर्माण स्थानीय विकास एवं तकनीकी पोर्टलों के उपयोग संबंधी जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला में संकाय सदस्यो द्वारा पंचायती राज के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं संवैधानिक अधिकारों को बताया गया। 73 वे संविधान संशोधन के साथ पंचायत राज अधिनियम 1993 पर चर्चा की गई। जिला जनपद एवं ग्राम पंचायतों की त्रिस्तरीय संरचना ग्राम सभा की भूमिका पंचायत बैठकों की प्रक्रिया तथा स्थायी समितियों के कार्यप्रणाली से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त पंचायतों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए सतत विकास लक्ष्य के अंतर्गत 9 प्रमुख विषयों पर आधारित सत्र में पंचायतों के माध्यम से लक्ष्यों की प्राप्ति और इसके लिए जरूरी रणनीतियों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पंचायत विकास योजना की रूपरेखा, निर्माण प्रक्रिया, स्थानीयकरण की विधियां, तथा जल संरक्षण जैसे विषयों पर आधारित ग्राम विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, आजीविका मिशन एवं अन्य प्रमुख योजनाओं पर प्रशिक्षित किया गया। पंचायतो का बजट , लेखांकन प्रक्रिया, सामाजिक लेखा परीक्षण एवं ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, लागत निर्धारण, सामग्री मानक, निरीक्षण एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया को भी समझाया गया। छत्तीसगढ़ ग्रामीण पेयजल (संचालन एवं संधारण) नियम 2024 की जानकारी दी गई। तृतीय दिवस में पंचायत विकास संकेतक एवं मानव विकास मानकों के आधार पर पंचायतों के मूल्यांकन तंत्र की विस्तृत जानकारी दी गई। ई-गवर्नेंस के अंतर्गत पंचायत राज पोर्टल, टीएमपी पोर्टल, डिजिटल सेवाओं एवं ऑनलाइन डैशबोर्ड के उपयोग की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के समापन अवसर पर टीएमपी क्विज, फीडबैक , प्रशिक्षण आंकलन एवं एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत डीपीआरसी में सभी जिला पंचायत सदस्यों ने वृक्षारोपण किया।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, कच्ची महुआ शराब जब्त और लाहन किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब और लाहन बरामद किया है। कार्यवाही श्यामलाल धावड़े एवं कलेक्टर शगोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग को सरोधा मार्ग के समीप नाले के पास अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बनाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी ने तत्काल टीम गठित कर मौके पर रवाना किया। टीम द्वारा घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी गई, जहां परसादी पिता विष्णु आयु 31 वर्ष निवासी सरोधा, थाना भोरमदेव को हाथ-भट्ठी से कच्ची महुआ शराब बनाते हुए पकड़ा गया। मौके से तीन डिब्बों में कुल 44 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब, 26 डिब्बों में लगभग 390 किलो महुआ लाहन, एक दो पहिया वाहन पैशन-प्रो सीजी 10 ईई 8647 और शराब बनाने की सामग्री बरामद की गई। जप्त सामग्री का कुल बाजार मूल्य लगभग 73,900 आंका गया है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क), 34 (1) (च), 34 (2), व 59 (क) के अंतर्गत गैर-जमानती प्रकरण दर्ज किया गया है तथा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।